डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-aadhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG,5



PG,8

सिनेमाःशमिता शेट्टी ने राज कुंद्रा के एडल्ट फिल्म

वर्ष -07 अंक -331 प्रयागराज, शुक्रवार 04 फरवरी, 2022 पृष्ठ- 8 मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना के नए मामलों में गिरावट पर लगा ब्रेक, आज 1,72,433 नए केस, 1008 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** कोरोना के मामलों में कुछ दिन से जारी गिरावट आज थम गई है। कोरोना के नए मामलों में आज बढ़ोतरी देखने को मिली है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोरोना संक्रमण के गुरुवार को 1,72,433 नए मामले सामने आए हैं। बुधवार के मुकाबले कोरोना के नए मामलों में आज 6.8 फीसद का इजाफा हुआ है। कल कोरोना के 1,61,386 नए मामले सामने आए थे। देश में एक्टिव केस घटकर 15,33,921 हो गए हैं। हालांकि, डेली पाजिटिविटी रेट में इजाफा हुआ है। डेली पाजिटिविटी रेट बढ़कर 10.99झ् पहुंच गया है। देश में कोरोना से अब तक कुल 3,97,70,414 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं, 4,98,983 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

### जयपुर स्थित बृहस्पति धाम मंदिर जहां होती है मनोकामना पूरी

बृहस्पति को ग्रहों में एक ग्रह एवं देवताओं में गुरू की संज्ञा प्राप्त है। शिक्षा, संतान, विवाह, राजयोग, राजनीति, व्यापार, विदेश यात्रा, स्वास्थ्य व धन का आशीर्वाद देते हैं देव गुरु बृहस्पति। यदि आप गुरु बृहस्पति की कृपा पाकर जीवन में उननति करना चाहते हैं या जीवन की वर्तमान परेशानियों को दूर करना चाहते हैं और इसके लिए आसान उपाय खोज रहे हैं तो हम आपको ऐसे सिद्ध स्थान के बारे में बताते हैं जहां पर साक्षात गुरु बृहस्पति देव की स्वर्णिम प्रतिमा की पूजा करके आप गुरु बृहस्पति की भरपूर कृपा प्राप्त कर सकते हैं। जयपुर में महारानी फार्म, दुर्गापुरा में महंत श्री नरेंद्र जी द्वारा स्थापित देव गुरु बृहस्पति धाम मंदिर में बृहस्पति भगवान की सवा पाँच फीट की स्वर्णिम प्रतिमा स्थापित है। इस मंदिर के निर्माण के लिए देवगुरु बृहस्पति ने महंत श्रीनरेंद्र जी के स्वपन् में आकर प्रेरणा दी थी। देवगुरु बृहस्पति की कृपा से इस मंदिर का निर्माणकार्य मात्र 45 दिनों में संपनन् हुआ।

## बिना रुकावट के चली राज्यसभा की कार्यवाही, सभापति वेंकैया नायडू हुए खुश, कही ये बात

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। लंबे समय बाद राज्यसभा की कार्यवाही बिना किसी रुकावट के देखने को मिली। राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडू ने इस पर खुशी जाहिर की है। नायडू ने राज्यसभा की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने पर सांसदों की तारीफ की और उम्मीद जताई कि यह भावना पूरे सत्र में बनी रहेगी। बता दें कि चार सत्रों में लगभग एक साल तक चली 41 बैठकों के बाद बुधवार को राज्यसभा में बिना किसी व्यवधान के कामकाज हुआ। इस पर नायडू ने कहा, 'लंबे समय के बाद राज्यसभा ने कल बिना व्यवधान के कार्यवाही देखी। मुझे राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर गुणवत्तापूर्ण बहस देखने में खुशी हुई।' बता दें कि राज्यसभा के बीते कुछ सत्र हंगामेदार रहे हैं। संसद के पिछले शीतकालीन सत्र में विपक्षी दल के 12 सदस्यों को मानसून सत्र में हंगामे के चलते निलंबित



कर दिया गया था। पूरे शीतकालीन सत्र के दौरान, विपक्षी दल सदन को बाधित करते रहे, साथ ही कार्यवाही में भाग लेने से भी इनकार कर दिया। राज्यसभा के आंकड़ों के अनुसार, संसद के पिछले पांच सत्र अपने निर्धारित समय से पहले स्थगित कर दिए गए थे, जिसमें कुल 29 बैठकें हुई थीं। इन पांच सत्रों में से तीन सत्र कोरोना के कारण नहीं हो पाए थे, जबकि अप्रैल में राजनीतिक दल चुनावी प्रचार में जाना चाहते थे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे CM शिवराज सिंह चौहान, विकास कार्य समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री मोदी से ये मुलाकात शाम 4:00 बजे होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक बयान में बताया गया है कि, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश में होने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रधानमंत्री को देंगे। साथ ही मुख्यमंत्री, जल जीवन मिशन के तहत बुरहानपुर में आयोजित कार्यक्रम पर चर्चा करेंगे। दरअसल, नव वर्ष में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की यह प्रधानमंत्री मोदी से पहली मुलाकात है।शिवराज सिंह चौहान राज्य के विकास कायी के अलावा समसामयिक और महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देंगे। इसके अलावा शिवराज सिंह चौहान, दिसंबर 2021 में उत्तर प्रदेश में हुए ण्श् कान्क्लेव के तहत जो निणन्य लिए गए थे। उससे मध्यप्रदेश ने कितना काम किया गया, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इसकी जानकारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देंगे।इ त्री शिवराज सिंह, आयुष्मान भारत योजना के संबंध में विभिन्न राज्यों से प्राप्त सुझावों की प्रारंभिक रिपोर्ट प्रधानमंत्री को देंगे, और मध्य प्रदेश के उज्जैन के ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर मंदिर जीणोद्धार परियोजना में बन रही 'एकता' की प्रतिमा की जानकारी भी प्रधानमंत्री को देंगे। साथ ही मुख्यमंत्री बेतवा लिंक परियोजना के स्वीकृत बजट के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री मोदी को कृषि के विविधीकरण के लिए मध्य प्रदेश में किए जा रहे प्रयासों के बारे में सूचित करेंगे, और वन विभाग से संबंधित मुद्दों, वन संरक्षण अधिनियम के संबंध में बिगड़ते वनों के सुधार के बारे में भी सुझाव देंगे। मुख्यमंत्री सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन की जानकारी देंगे कि राज्य में इसकी निगरानी कैसे की जा रही है। इस संबंध में केंद्र सरकार को एक विशेष कोष भी प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री चौहान प्रधानमंत्री के साथ अन्य विषयों पर भी चर्चा करेंगे। इससे पहले, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को पेश हुए आम बजट में केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना को 44,605 करोड़ रुपये आवंटित करने के लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया था। उन्होंने कहा था कि, डिजिटल मुद्रा पेश करने की नई पहल से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। साथ हीकेन-बेतवा नदियों को जोड़ने की यह योजना मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए लाभकारी है।



**मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री की मोदी से ये मुलाकात शाम 4 बजे होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक बयान में बताया गया है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश में होने**

## राहुल को मिला शशि थरूर का साथ, बोले- देश सच में आंतरिक और बाहरी तौर पर हुआ कमजोर

**नई दिल्लीः।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राहुल गांधी के भाषण की सराहना की और इसे एक 'शक्तिशाली संदेश' करार दिया। उन्होंन इसी के साथ आरोप



लगाया कि देश घरेलू एकता और बाहरी राष्ट्रीय सुरक्षा पर कमजोर हो गया है। बता दें कि इससे पहले, राहुल ने अपने भाषण में आरोप लगाया था कि वर्तमान सरकार ने चीन और पाकिस्तान को अलग रखने की भारत की विदेश नीति के रणनीतिक लक्ष्य की अवहेलना की है और दोनों देशों को एक साथ लाया है। एएनआइ से बात करते हुए थरूर ने कहा कि हम कह रहे हैं कि देश अपनी घरेलू एकता और ताकत और बाहरी राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों में कमजोर हो गया है। उन्होंने कहा कि राहुल ने एक बहुत शक्तिशाली और महत्वपूर्ण संदेश दिया है। कांग्रेस सांसद ने इस बात पर भी जोर दिया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अतीत में हमेशा यह सुनिश्चित किया था कि चीन भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसी स्थिति का फायदा न उठाए। कई मायनों में, इंदिरा गांधी की मास्को तक पहुंच से चीनी भागीदारी के किसी भी जोखिम को निष्प्रभावी कर दिया गया था। थरूर ने इंदिरा गांधी की विदेश नीति की उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक नई स्थिति है जैसा कि राहुल सुझाव दे रहे हैं और मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि इन संदेशों को सुना जाए। थरूर ने कहा कि जहां तक ??देश का सवाल है हम यह सुझाव नहीं दे रहे हैं, हो सकता है हम कल युद्ध का सामना कर रहे हों।

## सांसद ने राहुल गांधी के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस, बोले- देश को टुकड़ों में बांटने की साजिश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को केंद्र सरकार पर हमला बोलने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी खुद चौतरफा घिर गए हैं। भाजपा के सांसदों से लेकर मंत्री तक राहुल गांधी पर लगातार हमला बोल रहे हैं। वहीं, अब भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। भाजपा सांसद ने राहुल गांधी पर अपने भाषण से लोगों को उकसाने का आरोप लगाया है। सांसद ने राहुल के खिलाफ सदन की अवमानना का नोटिस भी दिया है। झारखंड की गोड्डा सीट से सांसद निशिकांत ने खुद इसकी जानकारी दी है। निशिकांत ने ट्वीट कर कहा, 'राहुल गांधी जी की मानसिकता जिनन के दो राष्ट्र के सिद्धांत की है। कल लोकसभा में दिया उनका भाषण देश को टुकड़ों में बांटने की साजिश है, आज उनके खिलाफ लोकसभा स्पीकर जी को विशेषाधिकार हनन व गलतबयानी का नोटिस दिया।' केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के प्रति राहुल गांधी के मन में कोई सम्मान नहीं है।



## रायपुर पहुंचे राहुल गांधी, आज अमर जवान ज्योति का करेंगे शिलान्यास

**रायपुर ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज 'अमर जवान ज्योति' की आधारशिला रखने छत्तीसगढ़ के रायपुर पहुंचे। राहुल का इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वागत किया। राहुल इसके साथ ही राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का उद्घाटन भी करेंगे। बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 'अमर जवान ज्योति' की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि हम छत्तीसगढ़ के उन सपूतों की शहादत का सम्मान करेंगे जिन्होंने वर्दीधारी सेवाओं में शामिल होकर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अमर जवान ज्योति का निर्माण चौथी बटालियन, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल माना, रायपुर के परिसर में किया जाएगा। शहीदों के सम्मान में छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति की ज्योति हमेशा जलती रहेगी। गौरतलब है कि राहुल छत्तीसगढ़ सरकार की राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का भी उद्घाटन करेंगे। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण भूमिहीन परिवारों को 6000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता देगी। योजना के लिए पंजीकरण पिछले साल सितंबर में शुरू किया गया था। बता दें कि अमर जवान ज्योति को इंडिया गेट से स्थानांतरित करने के मोदी सरकार के कदम पर असंतोष व्यक्त करते हुए बघेल ने कहा था कि इससे उनकी भावनाओं को ठेस पहुंची है और वह आहत हैं। उन्होंने कहा कि था कि वह छत्तीसगढ़ के उन सपूतों की शहादत का सम्मान करेंगे जिन्होंने वर्दीधारी सेवाओं में शामिल होकर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, साथ ही 'छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति' के माध्यम से छत्तीसगढ़ में अपने प्राणों की आहुति देने वाले देश के वीरों को भी नमन करेंगे। छत्तीसगढ़ में अमर जवान ज्योति पर शहीदों के नाम वाली दीवार, स्मारक टावर और

## सेना प्रमुख ने उत्तरी व पूर्वी सैन्य कमान के नये कमांडर इन चीफ साथ की बैठक, चीन-पाक को घेरने के लिए बनेगी रणनीति

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के उत्तरी व पूर्वी सैन्य कमान को दो नए मुखिया मिल गए हैं। उत्तरी व पूर्वी कमान संभालते ही नये कमांडर इन चीफ ने सेना प्रमुख के साथ चीन और पाकिस्तान को घेरने के लिए रणनीति बनानी शुरु कर दी है। दरअसल, सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे, उत्तरी व पूर्वी सैन्य कमान के नये कमांडर इन चीफ के साथ पाकिस्तान और चीन की सीमा की स्थिति को लेकर बैठक कर रहे हैं। यह समीक्षा बैठक भारत-चीन व भारत-पाकिस्तान सीमा पर हालिया बदलाव के मद्देनजर आयोजित की जा रही है। इस बैठक में उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी और पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता भी मौजूद हैं।



## ईमानदार राजनीति के लिए एमएनएम को करें दान, राजनेता कमल हासन ने लोगों से की अपील

**चेन्नई।** सुपरस्टार से राजनेता बने कमल हासन ने घोषणा की है कि वह अपनी राजनीतिक पार्टी मक्कल निधि मय्यम के लिए जनता से चंदा मांगेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी में क्षमता और ईमानदारी है, लेकिन धन की कमी है।अभिनेता से नेता बने कमल हासन ने एक बयान में कहा कि वह लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए चंदा मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह न केवल लोगों की भलाई के लिए बल्कि अगली पीढ़ी के लिए अच्छी आजीविका सुनिश्चित करने के लिए भी पैसा मांग रहे हैं।



## कर्नाटक हिजाब विवादः समान मानदंडों को लेकर कालेज में विरोध, छात्राओं को हिजाब के बिना कक्षाओं में भाग लेने का आदेश

**शिवमोग्गा ।** कर्नाटक में हिजाब विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। छात्रों के एक वर्ग द्वारा ड्रेस में समानता सुनिश्चित करने की मांग के विरोध के बाद अब कर्नाटक के सरकारी डिग्री कालेज में छात्राओं को गुरुवार से हिजाब पहने बिना कक्षाओं में भाग लेने के लिए कहा गया है। इसके चलते हिजाब पहनकर कैंपस में प्रवेश करने वाली लड़कियों को कक्षाओं में जाने से पहले हिजाब को वेटिंग रूम में हटाने के लिए कहा गया है। शिवमोग्गा जिले के भद्रावती कस्बे के सरकारी डिग्री कालेज के प्राचार्य एमजी उमाशंकर ने कहा कि उन्होंने छात्रों और उनके अभिभावकों से इस मुद्दे पर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा अब सुलझ गया है और वे क्लास में अब हिजाब नहीं पहनेंगे। पहनने पर कक्षाओं में प्रवेशआपको बता दें कि चिक्कमंगलुरु के एक कालेज में हिजाब पहनकर आने वाली लड़कियों के खिलाफ विरोध करते हुए कालेज के छात्र भगवा रंग का शाल पहननकर कालेज पहुंचे थे। इसे लेकर मंगलवार को कई छात्रों ने धरना भी दिया। इसके बाद पुलिस ने कालेज परिसर में प्रवेश किया और स्थिति को नियंत्रित में लिया। विरोध के बीच कालेज के प्राचार्य एमजी उमाशंकर ने छात्रों को आंदोलन वापस लेने के लिए राजी किया था। साथ ही आपको बता दें कि कर्नाटक में हिजाब पहनने पर विवाद की शुरुआत उडुपी जिले के सरकारी पीयू कालेज में मुस्लिम समुदाय की 6 छात्राओं को हिजाब पहनने पर कक्षाओं में प्रवेश न करने देने से हुआ था। इसके चलते हिजाब पहनने वाली छात्राओं को आनलाइन क्लास का विकल्प अपनाने को कहा गया था। छात्राओ ने कालेज के फैसले को मानने से इनकार कर दिया था और हाईकोर्ट में इसके खिलाफ याचिका भी दायर की है। इसके साथ ही छात्राओं ने इस फैसले के विराध में कक्षाओं का बहिष्कार कर रखा है।






# सड़क दुर्घटना में ग्राम प्रधान की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीतसिंह

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के बड़नपुर के पास एक कार एवं बाइक की भिड़ंत में पूर्व प्रधान की मौत हो गई मान्धाता थाना अंतर्गत खरवई निवासी पूर्व ग्राम प्रधान अधिवक्ता लवकेश सिंह बाइक से जा रहे थे।जैसे ही कोतवाली नगर थाना अंतर्गत बड़नपुर के पास पहुँचे एकाएक कार की टक्कर से बुरी तरह घायल हो गये।गंभीर अवस्था में उन्हें अस्पताल पहुँचाया गया जहाँ उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।उनके निधन के समाचार से न केवल उनके परिवार में मातम छा गया बल्कि उनके निधन को सुनकर गाँव वाले भी शोक मग्न हो गए।दोपहर बाद 3 बजे मोटरसाइकिल से जाते समय एक कार से हुई भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल होने के उपरांत इलाज के दौरान दुखद मौत हो गई दुर्घटना अपरान्ह लगभग 3बजे की बताई जाती है।दुर्घटना की सूचना पर घटनास्थल पर पहुँचे सिटी चौकी इंचार्ज गिरीश चंद्र द्विवेदी ने लोगों की मदद से घायल प्रधान खरवई को 108 एंबुलेंस के द्वारा इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया।

## अंतर्राष्ट्रीय वेटलैंड दिवस पर बच्चो के संघ वनविभाग ने मनाया कार्यक्रम

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वेटलैंड दिवस के अवसर पर बुधवार को फूलपुर वनरेंज अंतर्गत कोड़ापुर गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पास इस मौके पर वन रक्षक बासु चंद्र तिवारी ने कहा की समाज को हम सब लोग अच्छी शिक्षा के साथ बेहतर भविष्य दे सके इसके लिए सभी को सार्थक पहल करनी होगी। उपरेंज अधिकारी सतेंद्र कुमार



कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बच्चो संघ वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों सहित ग्रामीणों ने बढ़चढ़ का अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर वन रेंज क्षेत्राधिकारी फूलपुर अशोक कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय वेटलैंड दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा की हम सभी को वन संपदा सहित भूमि और जल संरक्षण करना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी के लिए सब कुछ बेहतर संरक्षण हो सके। चौधरी ने कहा की वन संपदा हम सभी के लिए बेहतर जीवन देते है इससे बच्चो सहित पशु पक्षियों की जीवन रक्षा संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानपति मौजी लाल रावत ने सभी आगंतुको के प्रति आभार जताया। मौके पर राम लखन पाल,अवधेश कुमार पटेल,अमरनाथ गौतम,संत राम मौर्य सहित बड़ी संख्या में बच्चे वा महिलाए उपस्थित रही।

## अवैध कच्ची देसी शराब के साथ तीन अभियुक्त हुए गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
रामेन्द्र सिंह

**लालगंज/प्रतापगढ़।**थाना कोतवाली लालगंज के कटरा दुग्धा,पुरवारा व नेकनामपुर से 3 लोगों को55 लीटर अवैध कच्ची देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।साथ ही लगभग 05 क्विंटल लहन नष्ट किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त राजाराम पुत्र रामचरण निवासी कटरा दुग्धा थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़, गोविंद पुत्र खटाई निवासी कटरा दुग्धा थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़, राजेश सरोज पुत्र रामेश्वर सरोज निवासी नेकरामपुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ बताए जाते हैं।मु0अ0सं0 82/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम बनाम राजाराम, मु0अ0सं0 83/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम बनाम गोविंद , मु0अ0सं0 84/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम बनाम राजेश के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## नामांकन कार्यवाही दूसरे दिन कुल 94 लोगो ने पर्चे लिए तथा 02 प्रत्याशियों के द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के तहत नामांकन के दूसरे दिन कुल 94 इलाहाबाद पश्चिमी विधानसभा से 07 लोगो ने, 262-इलाहाबाद उत्तरी विधानसभा से 07 लोगो ने, 263-इलाहाबाद दक्षिण विधानसभा से 06 लोगो ने, 264-बारा विधानसभा




लोगों ने पर्चे लिए तथा कुल दो लोगो ने नामांकन पत्र दाखिल किया। 254-फाफामऊ विधानसभा से 17 लोगो ने, 255-सोरॉव विधानसभा से 08 लोगो ने, 256-फूलपुर विधानसभा से 08 लोगो ने, 257-प्रतापपुर विधानसभा से 09 लोगो ने, 258-हण्डिया विधानसभा से 06 लोगो ने, 259-मेजा विधानसभा से 04 लोगो ने, 260-करछना विधानसभा से 07 लोगो ने, 261- से 10 लोगो ने, 265-कोरांव विधानसभा से 05 लोगो ने पर्चे लिए। नामांकन के दूसरे दिन कुल दो लोगो ने नामांकन पत्र दाखिल किया, जिसमें प्रतापपुर से बहुजन समाज पार्टी के श्री घनश्याम पाण्डेय तथा मेजा से बहुजन समाज पार्टी के श्री सर्वेश चन्द्र तिवारी ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

# एकमुश्त छूट योजना के तहत फूलपुर विद्युत उपखंड ने वसूली 7 करोड़

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर**/प्रदेश सरकार द्वारा बकाया विद्युत बिलों पर एकमुश्त छूट सर चार्ज माफ़ी हेतु दी गई थी। जो 2 दिन पूर्व 31 जनवरी को समाप्त हुई। इसके तहत फूलपुर उपखंड अधिकारी प्रांजल मिश्र के अंतर्गत फूलपुर, प्रतापपुर, बरेस्ता, खंसार, धोसड़ा, सिकंदरा आदि उपकेंद्रों के बकायेदारों ने छूट के अंतिम दिन तक कुल 6 करोड़ 8 लाख 72 हजार 88 (60872088) रूपए जमा किया। एक मुश्त समाधान योजना में कुल आठ हजार चार सौ सतरह ( 8 4 1 7 ) बकायेदारों ने लाभ लिया। जबकि 54915 लोगों को ओटीएस कराना था। लिया। एक लाख से अधिक बकाये दार जिन्होंने कभी भी भुगतान नहीं किया। ऐसे 69 लोगों ने पैसा जमा किया। 10000 से 100000 बकाया के बीच वाले कुल 1122 लोगों ने भुगतान किया। जो उपभोक्ता कभी भी भुगतान नहीं किए। ऐसे बकायेदार जिनका 10000 तक बकाया था। 4809 लोगों ने पैसा जमा किया। जो कभी नहीं बिल भुगतान करते उनकी संख्या कम थी। उक्त सूचना फूलपुर विद्युत उपखंड अधिकारी प्रांजल मिश्रा ने बताया। सभी जे ई इंद्रसेन यादव, विजय कुमार, बृजराज के साथ समस्त संविदा कर्मियों का सराहनीय सहयोग मिला।



## सौ साल की उम्र में कर रही भिक्षाटन

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर**/फूलपुर के भमई गांव की महफूला जो मंगता जाति से संबंधित है। सौ साल की उम्र में भी ऊर्जावान है। फूलपुर नगर पंचायत मुबारकपुर रोड के भमई कोड़ापुर, मिश्रापुर, मैलहन,कोनार,अगहुआ,कपसा, मुबारकपुर नई कोट, अमिलिहा, आदि गांवों में पैदल घूमकर भीख मांगकर गुजारा करती है। घर परिवार के लोग दुधारू पशुओं भैंस,गाय आदि का व्यापार करते हैं। फूलपुर ओवर ब्रिज के पास घूम कर भिक्षाटन करती मिली यह पूछने पर स्वास्थ कैसा है। तो बताया मैं भली चंगी हूं। कभी छीक तक नहीं आई। दस गांव घूम कर डेरा पर पैदल जाती हूं। मांगे हुए पैसे परिवार के सदस्यों को दे देती हूं।



## आज से आवागमन हेतु बंद हो जाएगा फ्लाई ओवर

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर**/फूलपुर तहसील के पास बने रेलवे ओवरब्रिज में जगह जगह रोड पर गड्ढे तथा बीच में लगी एंगिल टूटने के कारण मरम्मतीकरण तथा ब्रिज की दीवार पर जालियों की फिटिंग के साथ रंगाई पुताई करने का कार्य 3 फरवरी से प्रस्तावित है। इस हेतु आज बृहस्पतिवार से ओवरब्रिज द्वारा आवागमन बंद करके रूट डायवर्ट किया जाएगा। प्रयागराज से गोरखपुर तक जाने वाले वाहन प्रतापपुर वाया बरना बाजार होकर आवागमन करेंगे।इस हेतु स्थानीय पुलिस ने भी तैयारी कर ली है। मुबारकपुर एवं सिकंदरा रोड पर आवागमन हेतु दो पहिया वाहन अधिकांश रेलवे फाटक से गुजरते हैं। जो इस समय गड्ढे में तब्दील हो चुका है।



## जख़्मी हालत में दोस्त ने पहुंचाया घर, हो गई मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज।** दारागंज में रहने वाले एक युवक को जख्मी हालत में उसका साथी मंगलवार रात घर पहुंचाकर चला गया। थोड़ी देर बाद ही युवक की मौत हो गई। इस घटना से उसके परिवार में खलबली मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर उसके दोस्त को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि दारागंज निवासी चंदन निषाद (25) ई-रिक्शा चलाता था। मंगलवार शाम को अपने दोस्त मनोज के साथ घर से कुछ घंटों बाद मनोज अपने साथी चंदन को जख्मी हालत में लेकर उसके घर पहुंचा और उसके दरवाजे पर छोड़ दिया। घरवालों से कहा कि ई-रिक्शा पलटने से वह जख्मी हो गया। चंदन के पिता लल्लू दिव्यांग है। चंदन के शरीर पर बाहर से कोई गंभीर चोट नहीं दिखी। उसके हाथ और पैर में चोट लगी थी। परिजन कुछ समझ नहीं पाए। थोड़ी देर बाद ही पता चला कि चंदन की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची दारागंज पुलिस ने छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मनोज को पकड़कर पूछताछ की जा रही है।




## महिला के घर का ताला तोड़कर की चोरी

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता


प्रयागराज। कंधईपुर,धूमनगंज की रहने वाली रानी देवी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने गहने और नकदी उड़ा दिया। रानी देवी ने धूमनगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है कि वह अपने बेटे की शादी में फतेहपुर गई थी। इस दौरान चोरों ने 1,85,000 कीमत के सोने की दो अंगूठी, पायल अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान और पचास हजार रुपये उड़ा दिया।



# वैवाहिक समारोह में टप्पेबाजों ने महिला जज और उनके पति का मोबाइल उड़ाया

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज।** एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान शातिर टप्पेबाजों ने एक महिला जज और उनके पति का मोबाइल गायब कर दिया। महिला जज ने जॉर्जटाउन थाने में उबैद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच कर रही है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अपर प्रधान परिवारिक न्यायाधीश सुनीता सिंह नागौर ने एफाईआर दर्ज कराई है कि 29 जनवरी की रात में वह प्रेसिड होटल में गई थी। होटल में प्रवेश करते ही उनके पति का मोबाइल किसी ने जेब से निकाल लिया। थोड़ी देर बाद एक आदमी उनके पति का मोबाइल लेकर पहुंचा और कहा कि एक लड़का लेकर जा रहा था, मैंने उससे छीन लिया। मोबाइल ले लीजिए और आप मुझे कुछ बक्शीश दे दीजिए। जैसे ही उन्होंने अपने कोट में हाथ डाला तो पता चला कि उनका भी मोबाइल गायब है। उन्होंने वहां पर आतिशबाजी करने वाले कुछ लड़कों पर ही मोबाइल चोरी करने का आरोप लगा है। ठेकेदार से संपर्क किया तो उसने बताया कि उसको वहां पर उबैद को आतिशबाजी के लिए भेजा गया। प्रेसिड होटल में लगे कैमरे की रिकॉर्डिंग देखी गई लेकिन वहां बाहर की रिकॉर्डिंग नहीं मिली।




## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नि का हुआ निधन

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।**थाना क्षेत्र मान्धाता के मान्धाता ग्राम के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी समर बहादुर सिंह की पत्नि रमराजी देवी (लगभग 100 वर्ष )का निधन होने पर लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। उनके निधन पर स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन सिंह,वरिष्ठ पत्रकार सूर्यभान सिंह,डॉ0वीरेंद्र सिंह, अनंत सिंह तोमर,जय सिंह,राजेश सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह उमरी, पत्रकार मत्येन्द्र कीर्ति, हरकेश सिंह,विजय कुमार पाण्डेय, डॉ0विनय सिंह आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।


# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 15 फरवरी 2022

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790

## बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप के मामले में मुकदमा दर्ज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सर्वेश कुमार यश**

**हरहुआ/ वाराणसी**-रामेश्वर जंसा थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासिनी रीता देवी ने स्थानीय पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि एक सप्ताह पूर्व हमारी बेटी बड़ौरा बाजार गई थी। वहीं से लापता हो गई।काफी खोजबीन किया गया लेकिन वह घर नहीं लौटी तो परिजन पुलिस को सूचना दिया। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद पता चला कि बड़ौरा बाजार का रहने वाला किशन मोदनवाल मेरी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पिता की तहरीर पर जंसा पुलिस धारा 366 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।



## सेना का शव पहुंचा घर ग्रामीणों व परिजनों में मचा कोहराम

### शव का दाहसंस्कार करने से परिजनों ने किया इनकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सर्वेश कुमार यश**

**वाराणसी/**बनारस-जवान का शव देखते ही ग्रामीणों व परिजनों ने दहाड़ मार कर रोने लगे शहीद जवान का शव पहुंचा घर लोहता थाना क्षेत्र के सरवनपुर गांव के सेना के जवान का शव पठानकोट के एक होटल में संदिग्ध हाल में विगत 29 जनवरी को.मिला था।उसके पास मिले.पहचान पत्र से होटल के मैनेजर ने उसके परिवार और सेना के अधिकारियों को सूना.दिया था। सूचनापर परिवार के लोग पठानकोट गये। शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सेना ने सौंप दिया। पठानकोट से दो सेना के.जवान.और परिवार के लोग शव को लेकर बुधवार की सुबह गांव में पहुंचे तो तिरंगे में लपटे शव को देखकर गांव में कोहराम मच गया। सेना के.जवान के घर के पास काफी संख्या में भीड इकट्ठा हो.ग ई। लोग श्यामजी



## एमसीएमसी से करना होगा सत्यापनः डीएम

**गाजीपुरः** विधान सभा चुनाव 2022 व एमएलसी सनतक और शिक्षक चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने जनपद के सभी मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जिले आचार संहिता लागू है ऐसे में मीडिया सर्टिफिकेशन मानीटरिग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। यह कमेटी राजनैतिक विज्ञापनों, बल्क एवं मल्टीमीडिया एसएमएस मैसेज के प्रसारण पूर्व सत्यापन का काम करेगी। राजनैतिक विज्ञापनों, बल्क एवं मल्टीमीडिया एसएमएस मैसेज के प्रसारण पूर्व सत्यापन के लिए जनपद स्तर पर एमसीएमसी का गठन किया गया है। अपने सत्यापन के लिए जिला सूचना कार्यालय में प्रत्याशी अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। चुनाव प्रचार एवं उससे संबंधित किसी भी प्रकार के बल्क एसएमएस, मैसेज, मल्टीमीडिया मैसेज इत्यादि का प्रसारण एमसीएमसी के पूर्व सत्यापन के बिना नहीं होगा। गाजीपुरः तीन से आठ फरवरी तक पीजी कालेज होने वाले प्रथम प्रशिक्षण को लेकर मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता ने सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट, मास्टर ट्रेनरों संग बुधवार को पीजी कालेज में बैठक की। इसमें विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 के अंतर्गत पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-प्रथम के प्रशिक्षण को पूरा कराने की रुपरेखा तैयार की गई। प्रशिक्षण 40 कक्षों में कराया जाएगा। इसके लिए सभी कक्षों में प्रोजेक्टर एवं कंप्यूटर लगाए गए हैं।

## सही समय पर कराएं उचित उपचार, तो कैंसर जाएगा हार

**वाराणसी ।** पिछले कुछ दशकों में कैंसर के स्तर में काफ़ी वृद्धि देखी जा रही है, जो की वैश्विक स्तर पर मृत्यु दर और रुग्णता की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण गहन चिंता का विषय है। अनुमानों के हिसाब से भविष्य में हर परिवार में एक सदस्य को इस गैर संचारी घातक बीमारी से पीडि़त होने की संभावना है। कैंसर की बीमारी सिर्फ मरीज को नहीं बल्कि उसके परिवार को भी प्रभावित करती है। उनके लिए शारीरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण साबित होता है।` सम्भालने में कुछ हद तक बेहतर तरीके से सक्षम हैं, जो की बेहतर सार्वजनिक स्वास्थ्य व बीमा सुविधाओं तथा सुनियोजित स्क्रीनिंग कार्यक्रमों की वजह से सम्भव है।

## बलिया में अधेड़ ग्यारह बच्चों के बाप ने मंदबुद्धि युवती से किया दुष्कर्म,पुलिस ने जांच के बाद किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शीतल निर्भीक**

**बलिया।** बलिया जिले में दुकर्म का एक मामला आया है जिसमें 11 बच्चों के अधेड़ बाप ने एक मंदबुद्धि बालिका के साथ दुष्कर्म कर दिया है। मामले में पुलिस को तब हस्तक्षेप करना पड़ा जब गांव में ही इस मामले में घटना को रफा- दफा करने के लिए पंचायत का दौर शुरू हो गया।पंचायत के दौरान ही मामला सभी के संज्ञान में आया और आनन-फानन इस मामले में जांच के साथ ही कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर बुधवार को जेल भेज दिया। इस घटना को लेकर समूचे जनपद मे चर्चा का विषय बना हुआ है कि कलयुग की इस दौर मे जब ग्यारह बच्चो के अधेड़ बाप ने एक मनबुद्धि युवती से जबरी दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया तो आम युवक क्या करेंगे। इस मामले में पुलिस ने बताया कि आरोपित ग्यारह बच्चों का पिता है और वारदात के दौरान उस पर जानकारी होने पर दो युवतियों ने पथराव भी किया था।जनपद के रेवती थाना क्षेत्र के मूनछपरा पेट्रोल पम्प के करीब बुधवार के दिन रेवती पुलिस ने दुकर्म के आरोपी अधिसिजुआ निवासी विक्रमा बिन्द (50) को गिरफ्तार कर जेल तथा पीडित युवती को मेडिकल जांच के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस बाबत जानकारी देते हुए एसएचओ रामायण सिंह ने बताया कि आरोपी पांच लड़के और छह लड़कियों का पिता है। बताया जाता है कि विक्रमा ने 31 जनवरी की शाम पुआल लेने अपने खेत पर गयी 19 वर्षीय मंदबुद्धि युवती के साथ बगल के एक सरसों के खेत में दुष्कर्म किया था। इस दौरान थोड़ी दूर खेत में काम कर रही युवतियों ने शोर सुनकर ईट पत्थर फेंका तो विक्रम उसे खेत में ही छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद गांव के लोगों ने पंचायत से मामला निपटाने की कोशिश की इस बाबत जब बात नहीं के पिता के तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बुधवार के दिन आरोपी को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार मामले में मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद अभियोग में जांच के बाद सुसंगत धाराएं जोड़ी जाएंगी। वहीं आरोपित के गिरफ्तार होने से पुलिस और परिजनों ने राहत की सांस ली है।




## वाहन चेकिग के दौरान 3.85 लाख रुपये बरामद

**आजमगढ़ :** विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तिथि निकट आने के साथ ही पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। वाहन चेकिंग, अवैध असलहा और शराब कारोबारियों की धर-पकड़ के लिए दबिश की कार्रवाई ने रफ्तार पकड़ ली है। देवगांव पुलिस ने मंगलवार की रात अलग-अलग स्थानों पर वाहन चेकिग के दौरान दो बाइकों एवं एक बोलेरो से कुल 3,85,010 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि देवगांव इंस्पेक्टर ने डोमनपुर बैरियर (बार्डर केराकत जनपद जौनपुर) पर वाहन चेकिग कर रहे थे। इसी बीच मोटरसाइकिल चेकिग के दौरान अनिल कुमार यादव पुत्र खदेरू यादव, निवासी औराई ओढरा, थाना औराई, जनपद भदोही के पास से 1,49,360 रुपये नकद बरामद बरामद हुए। उसके अलावा एक बोलेरो से तलाशी के दौरान चालक अजित यादव पुत्र दीनानाथ, निवासी-पैतिया, थाना-जंगीपुर, जनपद गाजीपुर के पास से 1,40,000 रुपये नकदी बरामद हुई। जबकि एक बाइक सवार सूरज पाल पुत्र ब्रह्मचारी पाल, निवासी-अतरिया, अमिलिया, थाना मेंजा रोड, जनपद प्रयागराज के पास से 95,650 रुपये नकद बरामद किया गया। तीनों ही लोग रुपये के श्रोतों के बारे में पुख्ता जानकारी नहीं दे पाए। इस तरह तीनों से आचार संहिता उल्लंघन में कुल 3,85,010 रुपये की नकद बरामद की गई है। बरामद धनराशि को मालगृह में दाखिल कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच मोटरसाइकिल चेकिग के दौरान अनिल कुमार यादव पुत्र खदेरू यादव, निवासी औराई ओढरा, थाना औराई, जनपद भदोही के पास से 1,49,360 रुपये नकद बरामद बरामद हुए।

## डंपर की टक्कर से किशोर की मौत

**रेवतीपुर (गाजीपुर):** सुहवल के मेदनीपुर गांव के समीप गाजीपुर -जमानियां -सैयदराजा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार की शाम डंपर से कुचलकर किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। मेदनीपुर निवासी अभिषेक पांडेय(15) पुत्र पंकज पांडेय गांव की चट्टी पर साइकिल से समोसा खाने गया था। लौटते समय पीछे से तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे साइकिल का अगला हिस्सा फंस गया। चपेट में आकर किशोर की मौत हो गई। किशोर अपने दो भाइयों में छोटा था और गाजीपुर के एक स्कूल में कक्षा दस का छात्र था। पिता पंकज पांडेय गाजीपुर में प्राइवेट काम कर किसी तरह परिवार का जीविकोपार्जन चलाते हैं। हादसे के बाद मां पिकी पांडेय बदहवाश रहीं । प्रभारी निरीक्षक सलिल स्वरूप आदर्श ने बताया कि डंपर चालक की तलाश की जा रही है। खानपुर(गाजीपुर): शिवदासपुर गांव निवासी वृद्धा सावित्री देवी की अलाव की आग से झुलसकर मौत हो गई। शिवदासपुर के तांता बस्ती में सावित्री देवी(60) पतने रामजन्म चौहान मंगलवार की रात अलाव चारपाई के पास रखकर सो रहीं थी। अचानक रात में नींद खुलते ही चारपाई से नीचे उतरने के चक्कर में पैर अलाव में पड़ गया। राख की चिगारी ने साड़ी में आग पकड़ ली। स्वजन इलाज के लिए वृद्धा को वाराणसी स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां बुधवार को दोपहर में उनकी मौत हो गई। सावित्री देवी अपने तीन पुत्रों में सबसे छोटे पुत्र तिलखु के यहां पति रामजन्म के साथ रहतीं थीं।

## चुनाव कराने को प्रशासन सक्रिय, प्रशिक्षण की डयूटी बांटी

**बलिया :** जिले के सातों विधान सभा क्षेत्रों में सामान्य निर्वाचन के लिए नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में बैरिकेडिग का कार्य तेजी से चल रहा है। हर विधान सभा के प्रत्याशियों के लिए अलग-अलग स्थान चिह्नित किए गए हैं। विकास भवन में मतदान में लगे कमिर्यों के प्रशिक्षण की डयूटी भी बांटी गई। विभागवार अधिकारियों को भी सूचना के लिए लगाया गया है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर नजर रखने के लिए अलग-अलग टीम गठित हो गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार सिंह की ओर से निर्वाचन कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। निर्वाचन की अधिसूचना की तिथि चार फरवरी है। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 11 फरवरी, नाम निर्देशनों की जांच 14 फरवरी, नाम वापसी की अंतिम तिथि 16 फरवरी निर्धारित की गई है। मतदान की तिथि तीन मार्च और मतगणना की तिथि 10 मार्च निर्धारित की गई है। जिसमें मतदान कार्मिकों का प्रथम रैंडमाइजेशन एक फरवरी को जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में एनआइसी (विकास भवन) में होगा। मतदान कार्मिक का प्रथम प्रशिक्षण की तिथि 04, 05 व 06 फरवरी को दो पालियों में श्री मुरली मनोहर टाउन सनतकोत्तर महाविद्यालय में होगा मतदान कार्मिकों का द्वितीय रैंडमाइजेशन 15 फरवरी को डीएम व सीडीओ की उपस्थिति में एनआइसी विकास भवन में होगा। पोस्टल बैलट पेपर तैयार किया जाना 16 फरवरी को प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलट पेपर आरओ,एआरओ,सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा संबंधित आरओ के न्यायालय कक्ष तथा ईपीबी को ईटीपीबीएस के माध्यम से भेजा जाना 16 फरवरी को अपरान्ह तीन बजे के पश्चात (24 घंटे के अंदर) प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलट पेपर आरओ, एआरओ, सहायक चकबंदी अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान केंद्र एनआइसी से होगा। इलेक्ट्रॉनिक वोटिग मशीनों का द्वितीय रैंडमाइजेशन 17 फरवरी को दोपहर 12 बजे आरओ, राजनैतिक पाटिर्यां (प्रेक्षकगण की अनुमति से एनआइसी विकास भवन में होगा। मतदान कार्मिक का द्वितीय प्रशिक्षण 18, 19 व 20 फरवरी को दो पालियों में श्री मुरली मनोहर टाउन सनतकोत्तर महाविद्यालय में होगा। मतदान कार्मिकों द्वारा पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान किया जाना 18, 19 व 20 फरवरी को दो पालियों में संबंधित विधानसभा के आरओ,एआरओ श्री मुरली मनोहर टाउन सनतकोत्तर महाविद्यालय में होगा। मतगणना कार्मिकों का प्रथम रैंडमाइजेशन 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे डीएम, सीडीओ व प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक की उपस्थिति में एनआइसी विकास भवन में होगा। कैंडिडेट सेटिग (ईवीएम सीलिग) 20 फरवरी को समस्त विधानसभा का वीवीपैट गोदाम, ईवीएम भंडार गृह में होगा। मतदाता सूची की वार्किंग कापी तैयार किया जाना (प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर) 21 से 25 फरवरी तक आरओ, एआरओ द्वारा संबंधित तहसील पर होगा। मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण 25 फरवरी को सीडीओ, प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक द्वारा श्री मुरली मनोहर टाउन सनतकोत्तर महाविद्यालय में होगा। मतदान कार्मिकों का तृतीय रैंडमाइजेशन एक मार्च को दोपहर 12 बजे से डीएम, सीडीओ, प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिकों की उपस्थिति में एनआइसी विकास भवन में होगा।

## राष्ट्रीय नीतियों से प्रभावित होकर बृजेश भाजपा में हुए शामिल

**बलिया :** जिले के विधान सभा क्षेत्र फेफना के मेरवाड़ा कला गांव के निवासी बृजेश कुमार राय ने भाजपा की राष्ट्रीय नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद के सदस्य पूर्व आइएएस अरविद कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को लखनऊ में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर अन्य स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। श्री राय निभन्या केस के मामले में में आंदोलन को लेकर भी सुखिर्यों में आए थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश सम्मलित राज्य सेवा प्रवेश परीक्षा 1992 में सहायक श्रम आयुक्त के पद पर चयनित होकर इलाहाबाद मंडल में अपनी शासकीय सेवा प्रारंभ की थी। आगरा, कानपुर, अलीगढ़ मिर्जापुर, मुरादाबाद, नोएडा और लखनऊ जैसे महत्वपूर्ण पदों में शासकीय सेवा करते हुए 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में इनकी तैनाती एक वर्ष के लिए नोएडा में उप श्रम आयुक्त के पद पर रही। वह कई तरह के सामाजिक कार्य भी करते रहे। लखनऊ मंडल में पंजीकृत श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह का कार्यक्रम मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपनन्‍ कराया।



## तेज रफ्तार कार पर कूदी नीलगाय,हुई मौत

**रसड़ा (बलिया) :** रसड़ा-मऊ मार्ग के परसिया मोड़ के समीप बुधवार को दोपहर 2.20 बजे तेज रफ्तार कार पर कूदी नीलगाय की मौत हो गई। वहीं कार में सवार में सवार दंपती बाल-बाल बच गए। जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार दंपती रसड़ा से मऊ की तरफ जा रहे थे कि अचानक सड़क पार करने की चक्कर में नीलगाय कार के इंजन पर कूद पड़ी। नीलगाय की मौके पर मौत हो गई जबकि कार में सवार दंपती बाल-बाल बच गए।



## नहर ओवरफ्लो होने से गेहूं के खेतों में भरा पानी

**भदौरा (गाजीपुर) :** चौधरी चरण सिंह पंप कैनाल मुख्य नहर से निकली दिलदारनगर - गोड़सरा माइनर में बुधवार को पानी क्षमता से अधिक आ जाने के चलते नहर ओवरफ्लो हो गई। इससे गेहूं के खेतों में भर गया। माइनर की सफाई न होने के चलते स्थिति और भी खराब हो गई। कई जगह किसान माइनर को बांध दिए थे। जिसके चलते जब पानी आया तब जगह - जगह अवरोध होने के चलते माइनर की पटरी को ओवरफ्लो कर पानी खेतों में भर गया। विभागीय अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी जब कोई नहीं आया तब किसान इंजन से पानी निकालकर फसल को किसी तरह बचाने की कोशिश में जुट गए।


## वाराणसी में नकली कोरोना वैक्सीन मामले में आरोपित गए जेल, दिल्ली से मुंबई तक अपराधियों की तलाश

**वाराणसी,।** रोहित नगर में नकली कोरोना रोधी वैक्सीन बनाने के भंडाफोड़ में एसटीएफ को सात और आरोपितों की तलाश है। सूत्रों की माने तो इस धंधे में एक बड़ा नेक्सस काम कर रहा था। इस मामले में गिरफ्तार सरगना समेत पांच आरोपितों को लंका थाने में दाखिल किया गया है। इनके कर्ताधर्ताओं को एसटीएफ ने ट्रैप तो कर लिया था, लेकिन इनकी लोकेशन नहीं मिल रही थी। कुछ मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लेने पर उनकी लोकेशन का पता चला, जिससे इतनी बड़ी सफलता हासिल हुई। बता दें कि मंगलवार की रात एसटीएफ ने एक मकान पर छापेमारी कर इस धंधे का भंडाफोड़ किया था। पांच आरोपित राकेश थावानी, संदीप शर्मा, लक्ष्य जावा, अरुणेश विश्वकर्मा व शमशेर मौके से गिरफ्तार किए गए थे। इनमें लक्ष्य जावा दिल्ली व शमशेर बलिया का है जबकि अन्य सभी स्थानीय हैं। इन्होंने पूछताछ में धंधे व उसके नेटवर्क से जुड़े कई राज उगले, जिस एसटीएफ काम कर रही है। इनके काम आपस में बंटे हुए थे। राकेश थावानी इस अंतरप्रांतीय गिरोह का सरगना है और वह पूरे नेक्सस का संचालन करता था। नकली इंजेक्शन, वैक्सीन व कोविड किट को तैयार करने में संदीप, शमशेर व अरुणेश मदद करते थे। माल सप्लाई का काम लक्ष्य जावा करता था। लक्ष्य का सहयोग विजय कुमार व यश कुमार के अलावा दिल्ली के अरुण शर्मा, अरुण पटनी, मानसी, रणवीर, गुरजीत व गुरबाज करते थे। एसटीएफ को इनकी तलाश है। देर रात दर्ज हुए एफआइआर : नकली वैक्सीन मामले में बुधवार की देर रात आरोपितों के खिलाफ विभिनन्‍ आरोपों में एफआइआर दर्ज कराई गई है। इसमें कुल 12 आरोपित बनाए गए हैं। घटना स्थल से मिली कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। कार महाराष्ट्र के निशी कांत ठाकुर के नाम से पंजीकृत है। कार के बारे में जांच की जा रही है कि इसका ताल्लुक इस मामले से तो नहीं है। एसटीएफ सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। नकली वैक्सीन बनाने वाले आरोपित गए जेल : लंका थाना क्षेत्र के रोहित नगर कालोनी के एक मकान में छापा मारकर एसटीएफ टीम ने नकली वैक्सीन और कोविड किट बनाने के कारखाने का भंडाफोड़ कर मौके से पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपितों से पूछताछ और जांच के बाद लंका थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने गुरुवार को सभी को न्यायालय में पेश किया। सिद्धिगिरी बाग, संदीप शर्मा पठानी टोला चौक, लक्ष्य जावा मालवीय नगर नई दिल्ली, शमशेर नागपुर रसड़ा बलिया, अरुणेश विश्वकर्मा बौलिया लहरतारा के रहने वाले को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा है।




## यूपी बोर्ड 2022 : इसी माह होगी प्री-बोर्ड परीक्षा, छह फरवरी के बाद विद्यालय खोलने पर विचार

**बलिया, ।** शासन की ओर से तय 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों को शत-प्रतिशत कोविड टीकाकरण का लक्ष्य तेजी से पूरा हो रहा है। ज्यादातर बच्चों को वैक्सीनेशन हो चुका है। इसे देखते हुए शिक्षा विभाग सात फरवरी से विद्यालयों को खोलने पर गंभीरता से विचार विमर्श कर रहा है। इसी माह में सात फरवरी से स्कूल खोले जा सकते हैं। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा तो मार्च के बाद होगी, लेकिन प्री बोर्ड परीक्षा फरवरी में ही कराई जाएगी। बुधवार को जेडी व डीआइओएस की वीडियो कांफ्रेंसिंग में इस बात पर चर्चा हुई। जिले में माध्यमिक शिक्षा के लगभग 620 कालेज हैं। इस साल 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों की संख्या 1.40 लाख है। कोरोना के चलते प्रायोगिक परीक्षा भी नहीं हुई : अधिकांश विद्यालयों में कोरोना के चलते प्रायोगिक परीक्षा भी नहीं हुई है। कोरोना को लेकर सभी विद्यालय बंद कर दिए गए। शासन से छह फरवरी तक सभी विद्यालयों को बंद करने के निर्देश जारी हुआ है। हालांकि बंदी के दौरान भी माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से कहा गया था कि कोविड की गाइडलाइन का पालन करते हुए प्रायोगिक परीक्षा आयोजित किए जा सकते हैं। ऐसे में कुछ विद्यालयों ने प्रायोगिक परीक्षा संपन्न कराई है, लेकिन अधिकांश विद्यालय अभी तक यह परीक्षा भी नहीं करा पाएं हैं।, आनलाइन क्लास से हो रही तैयारी : बोर्ड परीक्षाथिर्यों सहित अन्य कक्षाओं के विद्याथिर्यों के पाठयक्रम की तैयारी आनलाइन हो रही है। हालांकि, आनलाइन पढ़ाई का लाभ वे विद्यार्थी नहीं ले पा रहे हैं, जिनके पास मोबाइल नहीं है। अधिकांश विद्यालयों में अभी सिलेबस भी पूरा नहीं हो पाया है। शहर के राजकीय इंटर कालेजों में आफ लाइन 65 फीसद सिलेबस समाप्त हुआ था तब तक विद्यालय बंद हो गए। अब कक्षावार पाठय सामग्री देकर सिलेबस पूरा कराया जा रहा है। बोले अधिकारी : विधान सभा चुनाव के चलते बोर्ड परीक्षा मार्च के बाद कराने का निणत्र्य लिया गया है। प्री- बोर्ड परीक्षा इसी माह में संपनन्‍ कराई जाएगी। सात फरवरी से विद्यालयों को खोलने से संबंधित नया गाइडलाइन आ सकता है। - डा. ब्रजेश मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक, बलिया।




## गूगल मैप पर दिखेगा टीबी रोगियों का घर, लोकेशन हो रहा अपलोड, स्वास्थ्य कर्मी करेंगे जिओ टैगिंग

**चंदौली, ।** टीबी रोग से ग्रसित व्यक्ति इलाज कराने से वंचित नहीं रह सकेगा। अब उनके निवास की पहचान आसानी से होगी और विभाग उनका उपचार करेगा। क्योंकि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ने की स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहल की है। इसके लिए जिओ टैगिंग को हथियार बनाया गया है। इसके लिए जिले के प्रत्येक ब्लाक में टीमें लगाई गई हैं। स्वास्थ्य कर्मी मरीजों के घर जाकर अपने मोबाइल फोन से उनके पते की जिओ टैगिंग कर रहे हैं। इसमें मरीज के घर पहुंचकर वहां से आनलाइन लोकेशन डाला जा रहा। इसके बाद मरीजों के घर की लोकेशन आनलाइन गूगल मैप के जरिए दिखने लगेगी। जिओ टैगिंग के बाद कहीं से भी विभागीय अफसर टीबी मरीजों के घर की लोकेशन देख सकेंगे। दरअसल, देश टीबी मुक्त हो, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## जौनपुर में सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज

**जौनपुर, ।** विधानसभा केराकत के चुनाव अधिकारी की शिकायत पर केराकत पुलिस ने बुधवार की रात केराकत विधानसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद तूफानी सरोज के खिलाफ आचार संहिता उलुंघन के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इससे पूर्व भी सपा और बसपा नेता पर जौनपुर में आचार संहिता का मुकदमा दर्ज हो चुका है। लेकिन, जैसे- जैसे चुनाव नजदीक आता जा रहा है वैसे- वैसे ही आचार संहिता उल?लंघन के भी मामले लगातार बढ़ रहे हैं।केराकत विधानसभा से सपा प्रत्याशी तूफानी सरोज चुनाव मैदान में हैं। प्रचार के लिए वह कई गाडि़यों से बुधवार को क्षेत्र में घूम रहे थे। इस दौरान मुफ्तीगंज, केराकत नगर सहित कई जगह रुक कर वह नुक्कड़ सभा को संबोधित किए।

# एक क्विंटल 70 किग्रा गांजा, दो कार बरामद

**सोनभद्रः** पुलिस ने मंगलवार की रात एक क्विंटल 70 किलो 54 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस के मुताबिक बरामद गांजा की बाजार में कीमत करीब 17 लाख रुपये आंकी जा रही है। दो कार बरामद हुई है। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपितों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसओजी, स्वाट, सर्विलांस टीम व करमा थाना की पुलिस टीम ने की। पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि कुछ लोग कार से गांजा की तस्करी करने जा रहे हैं। इस पर एएसपी मुख्यालय, सीओ करमा के नेतृत्व में एसओजी प्रभारी साजिद सिद्दीकी, स्वाट प्रभारी अमित त्रिपाठी, सर्विलास प्रभारी सरोजमा सिंह व करमा थाना पुलिस ने थाने के गेट के पास वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस दौरान दो कार रोक कर जांच शुरू की तो उसमें से गांजा के 30 पैकेट मिले। जब इसका वजन कराया गया तो कुल एक क्विंटल 70 किलो 54 ग्राम गांजा बरामद हुआ। एसपी ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने बताया कि वे गांजा उड़ीसा से लेकर आ रहे थे। प्रयागराज, कौशांबी व प्रतापगढ़ में इसे अच्छी कीमत में बेचते हैं। इस मामले में सत्यम केशरवानी निवासी सरायअकिल थाना सरायअकिल जिला कौशांबी, संजय केशरवानी, निवासी सदर बजार रामचरन रोड़ थाना कोतवाली जिला प्रतापगढ़, नसीम, निवासी मोहल्ला अकबरपुर थाना करैली प्रयागराज, आशीष कुमार ताम्रकार, अनिकेत तिवारी ऊर्फ छोटू पुत्र सुशील तिवारी निवासी सरायअकिल थाना सरायअकिल जिला कौशांबी व शरीफ उर्फ राजू, निवासी करैली थाना करैली जिला प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि आरोपितों के पास से एक होंडा सिटी कार, एक स्विफ्ट डिजायर कार, 15460 रुपये नकद बरामद किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपितों का चालान कर दिया। इन आरोपितों में से एक आरोपित कोविड पाजिटिव पाया गया है। पुलिस टीम में करमा थाना के उप निरीक्षक विनोद यादव, शेषनाथ यादव समेत अन्य शामिल रहे।



# दरवाजे की गुणवत्ता मिली खराब, आयुक्त ने जताई नाराजगी

**मीरजापुर :** आयुक्त विंध्याचल मंडल योगेश्वर राम मिश्र ने मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस के साथ विकास खंड सिटी के भिसकुरी में निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण किया। आयुक्त ने कार्यदायी संस्था को निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। चेताया कि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता खराब मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंडलायुक्त ने स्टेडियम में बैडमिटन हाल के निरीक्षण के दौरान फर्श पर लगाए गए हाल की गुणवत्ता को परखा। इसी क्रम में दरवाजा व खिड़कियों पर लगाए गए लकड़ी के दरवाजे की गुणवत्ता खराब मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई। दरवाजे को तत्काल बदलकर अवगत कराने का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि एक सप्ताह के बाद पुनः निरीक्षण करके जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। हाल के ऊपर एसबेस्टर सीट के टूटे होने पर संबांधित कार्यदायी संस्था के अधिकारी को कड़ी फटकार लगाया और एक सप्ताह के अंदर मरम्मत कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान संपर्क मार्ग, चहारदीवारी, स्टेडियम में डाले जा रहे का मिट्टी के कार्य व लेबलिंग कार्य का निरीक्षण किया गया। मंडलायुक्त ने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए कार्य को पूर्ण कराया जाय ताकि स्टेडियम जनपद के खिलाड़ियों के लिए सौंपकर उन्हें लाभान्वित किया जा सके। नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी भानु प्रसाद रहे।



# भतीजे ने चाचा की पिटाई कर उतारा मौत के घाट

**अहरौरा (मीरजापुर) :** स्थानीय थाना क्षेत्र के पट्टी खुर्द में बुधवार की दोपहर मामूली विवाद में भतीजे ने चाचा बकरीद्दू (50) की लात-घुसों से पिटाई कर मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपित मौके से फरार हो गया। इससे स्वजन में कोहराम मचा रहा। पुलिस जांच में जुट गई है। बकरीद्दु बुधवार की दोपहर करीब दो बजे घर के बाहर बैठे हुए थे। इस दौरान भतीजे राजू की उनसे कहासुनी होने लगी। बात बढ़ी तो राजू उन पर लात-घूसों से बुरी तरह टूट पड़ा। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। चाचा की मौत का आभास होते ही वह वहां से भाग निकला। घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदशिर्यों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजय सिंह, चौकी प्रभारी कुंवर मनोज सिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि मृतक बकरीद्दू के पुत्र वसीम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तालाश की जा रही है। लोगों के अनुसार चाचा बकरीद्दू ने राजू को कोई काम सौंपा था। काम न करने का कारण पूछा तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। ऐसे में उन्होंने गाली दे दिया। इससे आपा खोए राजू ने यह वारदात कर डाली। मौत से गांव में भी मातमी सननटा पसरा रहा।



# बंद घर को चोरों ने खंगाला, लाखों के आभूषण उड़ाए

**सोनभद्रः** मंगलवार की रात चोरों ने शैलेंद्र सिंह के बंद पड़े घर को इत्मीनान से खंगाला। राब?ट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र के इमरती कालोनी में चोरों ने गृह स्वामी का 50 हजार नकदी व जेवर तथाकिराएदार के करीब 12 लाख के जेवर व 50 हजार रुपये नकदी उड़ा लिया। देर रात मकान में लौटे किराएदार को चोरी की जानकारी हुई। मकान मालिक के साथ ही कोतवाली पुलिस को भी घटना की जानकारी दी। दोनों ने कोतवाली में इस संबंध में तहरीर दी है। पुलिस ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। इमरती कालोनी में शैलेंद्र सिंह का मकान है। उनके मकान में बलिया निवासी अनिल कुमार किराएदार हैं। शैलेंद्र करीब 20 दिन से रायबरेली में अपने बहू के घर परिवार समेत गए थे। किराएदार 29 जनवरी को बलिया अपने घर मांगलिक कार्यक्रम में गए थे। घर पूरी तरह से बंद था। मंगलवार की रात किरायेदार जब घर से इमरती कालोनी आए तो बाहर का गेट खोला। अंदर गए तो पूरा न्जारा देखकर स्तब्ध रह गए। उन्होंने बताया कि किनारे के चैनल का ताला तोड़कर चोर घर में घुसे और चार आलमारी तोड़कर चोरी की। चोरों ने पांच कमरे का ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी उड़ाए। किराएदार ने बताया कि उनका 12 लाख रुपये का जेवर व 50 हजार रुपये नकदी चोरी हुआ है। उधर सूचना पाकर मकान मालिक भी बुधवार को दोपहर बाद अपने घर आए। तोड़कर 50 हजार रुपये के जेवर व 50 हजार रुपये नकदी चोरी किया। दोनों ने कोतवाली में तहरीर दी है। उधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एसएन मिश्र ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# सुरक्षा मानकों को पूरा करके ही चलाएं वाहन

**अनपरा (सोनभद्र) :** हिडाल्को रेणुसागर पावर डिवीजन की ओर से परियोजना परिसर के मुख्य द्वार पर सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का समापन किया गया। मुख्य अतिथि पावर डिवीजन के अध्यक्ष केपी यादव ने हरी झंडी दिखाकर सुरक्षा रथ को रवाना किया। उन्होंने कहा कि वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा मानकों को पूरा करना अतिआवश्यक है। एक छोटी सी भूल बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने एवं अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए सभी कमिन्यों को प्रेरित किया। सुरक्षा एवं ट्रांसपोर्ट विभाग तमाम लोगों को मुहिम चलाकर जागरुक किया गया। हेड मेंटीनेंस संजय सिंह ने सुरक्षित ड्राईविग की आवश्यकता पर बल दिया। मानव संसाधन प्रमुख शैलेश सिंह ने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट बांधना सुरक्षित ड्राइविग के लिए अनिवार्य होता है। ट्रांसपोर्ट विभाग के हेड मुकेश श्रीवास्तव ने सड़क सुरक्षा से संबंधित दुर्घटनाओं से बचने के लिए विभिनन्‍ तर्क एवं उपाय बताया। मुख्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुदीप्ता नायक, परेश ढोले, अरविद सिंह समीर, आनंद, हितेंद्र झा, दिवाकर विश्वकर्मा, गोपाल मुखर्जी समेत सभी विभागाध्यक्ष व श्रमिक उपस्थित रहे।



# दर्शनार्थियों से भरी वाहन हाइवा में घुसी, 15 लोग घायल

**हलिया (मीरजापुर) :** क्षेत्र के ड्रमंडगंज घाटी बरम बाबा के नीचे ब्रेकर पर श्रद्धालुओं से भरी वाहन (क्रूजर) अनियंत्रित होकर बुधवार की भोर हाइवा में पीछे से घुस गई। इससे वाहन में सवार 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने पुलिस कमिन्यों की मदद से घायलों को न्यू पीएचसी एंबुलेंस से भेजा। यहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख सभी को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद चालक अपना हाइवा लेकर फरार हो गया।महाराष्ट्र प्रांत के तालुका जनपद के नादर गांव निवासी व चालक विलास रामजी मराठी (32) अपने वाहन पर बालाजी (26), ओकार (15), ओदासया (40), नेहा (24), मारुति (40), वंदना (35), शीतल (19), अभिजीत (30), आरती (20), कुंताबाई (45), आदिती (10), तानुबाई (45), विलाम (45), पूर्ववासी (45) को बैठा कर वाराणसी विश्वनाथ धाम दर्शन कराने के लिए ले जा रहे थे। ड्रमंडगंज घाटी के बरम बाबा पहाड़ के नीचे ब्रेकर पर सामने से आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में आगे जा रहे हाइवा में अनियंत्रित होकर वाहन घुस गई। घटना होते ही उसमें सवार यात्री गंभीर रूप से घायल होकर चीखने-चिल्लाने लगे। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सभी को वाहन से बाहर निकालकर ड्रमंडगंज चौकी प्रभारी राम बहादुर राय को सूचना दी। साथ ही घटना की जानकारी घायलों के स्वजन को दूरभाष पर दिया।



# बालू साइट पर संयुक्त टीम का छापा

**ओबरा (सोनभद्र) :** अगोरी स्थित बालू के आधा दर्जन खनन पट्टों पर संयुक्त टीम ने बुधवार को छापेमारी की। कार्रवाई के डर से खदान मालिकों ने बालू खदानों में चल रही लोडिग मशीनों को बाहर कर दिया। खनन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के पहुंचने तक एक भी खदान पर मशीन नहीं दिखाई पड़ी। टीम की पैमाइश में अवैध खनन की पुष्टि हुई है। इस दौरान सभी खदानों पर कामकाज ठप रहा। हालांकि टीम के मौके से रवाना होते ही शाम छह बजे 15 से ज्यादा पोकलेन मशीनें राज्य और काश्त वाली साइडों पर पहुंच गई थी। इससे पहले अगोरी खास ग्राम पंचायत अंतर्गत अगोरी स्थित दो राज्य सरकार एवं चौरा और बिजौरा में मौजूद काश्त वाली साइडों पर हजारों घनमीटर अवैध खनन के निशान मिले। टीम के पहुंचने की ज्यादातर खदान स्वामियों को खबर थी, जिसको देखते हुए सभी पहले से सतर्क दिखाई पड़े। हालांकि पट्टा सीमा से बाहर हुए खनन को खदान मालिक नहीं छिपा पाए। ज्येष्ठ खान अधिकारी जनार्दन प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में पहुंची टीम राज्य सरकार वाली दोनों साइट पर सीमा से बाहर हुए खनन को देखकर दंग रह गयी। दोनों साइट पर सीमा से बाहर नदी तल में जमकर अवैध खनन किया गया है। सीमा से बाहर खनन रोकने लिए खदानों में सैकड़ों .फीट लंबाई में गड्ढा करा दिया गया है। काश्त बालू साइडों पर भी जमकर अवैध खनन किया गया है। ज्येष्ठ खान अधिकारी ने बताया कि सभी खदानों की पैमाइश की गयी है। सभी में सीमा से बाहर खनन की पुष्टि हुयी है। उधर ओबरा तहसीलदार सुनील कुमार ने बताया कि जीपीएस द्वारा विश्लेषण के बाद स्पष्ट तौर पर बताया जा सकेगा कि अवैध खनन कितना हुआ है। संबंध में पूरी जानकारी दी जाएगी। इससे पहले सोमवार को भी भगवा स्थित बालू साइड पर छापेमारी में अवैध खनन मिलने के साथ नौ पोकलेन सीज कर दी गयी थी। इस मौके पर वीरेंद्र प्रताप सिंह, सुखेंद्र सिंह, जुगैल थाना प्रभारी धीरेंद्र प्रताप सिंह, एसआइ अभय यादव, लेखपाल अवधेश तिवारी आदि रहे।



# पैरामिलिट्री जवानों ने किया रूट मार्च, सुरक्षा का दिलाया भरोसा

**जमालपुर (मीरजापुर) :** क्षेत्राधिकारी चुनार रामानंद राय के नेतृत्व में बुधवार को पैरामिलिट्री जवानों एवं पुलिस कमिन्यों ने रूट मार्च कर लोगों को बढ़चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही लोगों को पूर्ण रूप से सुरक्षा का भरोसा दिलाया। जवानों ने शेरवां बाजार, भाईपुर चौराहा, मनउर, ढेबरा चट्टी, ओड़ी चट्टी, जमालपुर बाजार, सिकंदरपुर, जलालपुर चौराहा, खेमईबरी, मठना, धारा, जिवनाथपुर आदि स्थानों पर रूट मार्च किया। सीओ ने ग्रामीणों से निडर होकर विधानसभा चुनाव में मतदान करने का आह्वान किया। कहा कि पैरामिलिट्री के जवान ग्रामीणों की सुरक्षा में हर समय मुस्तैद है। ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जाएगी एवं कोई समस्या होने पर पुलिस को तत्काल सूचना देने को कहा। चुनाव में गड़बड़ी फैलाने वाले अराजकतत्वों को किसी हाल में बख्सा नहीं जाएगा। इस दौरान थानाध्यक्ष अरविद कुमार सरोज, चौकी प्रभारी शेरवां मानवेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक रामायण तिवारी, रामज्ञान यादव आदि रहे।

# ट्रैक्टर ट्राली पलटने से चालक की मौत, साथी गंभीर

**पटेहरा (मीरजापुर) :** मड़िहान क्षेत्र के पटेहरा कला के महमदवा गांव स्थित खकीयहवा नाला के रपटा पर मंगलवार की देर रात अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक दुर्गेश (35) की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरे दिन सुबह घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने घायल को पीएचसी पहुंचाया। मौत की जानकारी होते ही स्वजन में कोहराम मच गया। महमदवा निवासी चालक दुर्गेश गांव के ही अपने साथी राजेश को साथ लेकर सेटरिग का सामान पहुंचाने के लिए दीपनगर गया हुआ था। रात में सामान उतारकर वह वापस अपने घर की तरफ आ रहा था। घर से आधे किमी की दूरी पर स्थित खकीयहवा नाला के पास कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली समेत पलट गया। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका साथी राजेश ट्रैक्टर के नीचे दब गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल होने के साथ ही रात भर वही ठंड में तड़पता रहा। दूसरे दिन सुबह उधर से गुजर रहे ग्रामीण पलटे ट्रैक्टर ट्राली व राजेश व दुर्गेश को वहीं पड़ा देख अवाक रह गए। देखते ही देखते काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। दोनों को तत्काल पीएचसी पटेहरा ले जाया गया। वहां चिकित्सक ने दुर्गेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके साथी राजेश को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। मृतक दुर्गेश पांच भाइयों में दूसरे नंबर पर था। वह अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री छोड़ गया है। चौकी प्रभारी पटेहरा राम निवास सिंह कुशवाहा ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



# क्षेत्राधिकारी पिपरी के नेतृत्व में पैरामिलिट्री फोर्स व स्थानीय पुलिस के साथ किया गया एरिया डोमिनेशन/फ्लैग मार्च

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शैलेन्द्र कुमार**

**सोनभद्र/शक्तिनगर** -पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह के कुशल निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव-2022 को शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने, वैश्विक महामारी कोविड-19 के संक्रमण एवं उससे बचाव हेतु लोगों में जन-जागरुकता का संदेश देने तथा तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना के दृष्टिगत आज क्षेत्राधिकारी पिपरी प्रदीप सिंह चंदेल सोनभद्र के नेतृत्व में शक्तिनगर थाना प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्र द्वारा स्थानीय पुलिस टीम एवं पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना शक्तिनगर क्षेत्रान्तर्गत चिल्काटांड़, निमियाटांड़, बस स्टैंड,पीडब्लूयूडी मोड़ होते हुये ज्वालामुखी,कोटा बस्ती, परसवार चौबे, तारापुर, खड़िया, राजा परसवार, मिसिरा,कोहरौल, बीना होते हुए बाँसी तक के मिश्रित आबादी वाले विभिनन्‍ गांवों में फ्लैग मार्च कर निष्पक्ष व भयमुक्त मतदान करने का अपील किया गया। इस दौरान लोगों को कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रति जागरूक किया गया और क्षेत्रवासियों में भरोसा दिलाया गया कि आपकी सुरक्षा व आगामी विधानसभा चुनाव को सकुशल सम्पनन्‍ कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन हर तरह से तैयार है साथ ही साथ लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान न देते हुए अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान शक्तिनगर थाना प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्र द्वारा स्थानीय अपराधिक छवि वाले ब्यक्तियों को चिन्हित कर विशेष हिदायत दिया गया तथा लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उनसे शान्ति, सहयोग व सौहार्द्र बनाये रखने की अपील की गयी।



# ट्रक चालक से मारपीट व लूट के पांच आरोपित गिरफ्तार

**अनपरा (सोनभद्र) :** मोरवा थाना अंतर्गत ट्रक चालक के साथ सामूहिक रूप से मारपीट व लूटपाट करने वाले 5 नकाबपोश बदमाशों को पुलिस ने धरदबोचा। मोरवा टीआइ मनीष त्रिपाठी ने बताया कि 15 दिन पूर्व लूटपाट की घटना का वीडियो वायरल हुआ था। कोई भी फरियादी थाने नहीं आया, जिससे विवेचना में अड़चन आ रही थी। वायरल वीडियो के आधार पर चालक से संपर्क कर थाने बुलाया गया लेकिन झारखंड में होने के कारण वह नहीं आया। उसने मोबाइल पर ही पूरे घटना का विवरण दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लुटेरों में खिरवा निवासी रमाकांत बिद, राजेन्द्र बिद उर्फ बब्बू, पवन कुमार पनिका, बुलेंद्र कुमार बैस, रमेश कुमार साहू शामिल हैं। एक लुटेरा इंद्रेश कुमार बिद फरार हो गया। पुलिस उसकी मोटर साइकिल जब्त कर तलाश कर रही है। पकड़े गये आरोपितों के पास से लूट के दो व चोरी के तीन मोबाइल बरामद हुए हैं।

# मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**घोरावल (सोनभद्र):** बुधवार को अफसरों की टीम ने घोरावल विधानसभा क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। विधानसभा चुनावों के मद्देनजर घोरावल विधानसभा क्षेत्र के गांव कोलकाड़ी, मराची, बालडीह, ओबराडीह समेत विभिनन्‍ मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इन मतदान केंद्रों पर मतदान की तैयारी के ष्टिगत आवश्यक भौतिक सुविधाओं की स्थिति, वेबकास्टिग के लिए आवश्यक सुविधाएं, वोटिग प्रतिशत बढ़ाने के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। रूट और कम्युनिकेशन प्लान की समीक्षा की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रमेश कुमार ने ग्रामवासियों को टीकाकरण के महत्व के बारे में बताया। अपने परिवार के 15 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों का टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया गया। सभी मतदाताओं को भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए बताया।

# कोयला उत्पादन में दर्ज की चार फीसदी वार्षिक वृद्धि

**अनपरा (सोनभद्र) :** एनसीएल ने चालू वित्त वर्ष में जनवरी माह के अंत तक कोयला उत्पादन व प्रेषण में गत वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने वर्ष 2021-22 के शुरुआती दस महीनों में विगत वर्ष की तुलना में 4.03 फीसदी वृद्धि के साथ 98.44 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। जो चालू वित्त वर्ष में जनवरी माह तक के लिए निर्धारित 97.10 मिलियन टन उत्पादन लक्ष्य से भी अधिक है। एनसीएल ने कोयला प्रेषण में भी चालू वित्त वर्ष के पहले दस महीनों में बिजली घरों समेत सभी कोयला उपभोक्ताओं को 103.64 मिलियन टन कोयले का प्रेषण (डिस्पैच) किया है, जो विगत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 16.01 फीसदी अधिक है।

# हिंदी साहित्य में रामचंद्र शुक्ल का योगदान महत्वपूर्ण

**मीरजापुर :** राष्ट्र धरोहर, अमूल्य रतन, हिंदी पुरोधा, साहित्य मनीषी आचार्य रामचंद्र शुक्ल की 81वीं पुण्यतिथि बुधवार को बरौंधा कचार में मनाई गई। आचार्य रामचंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर विधायक रतनकर मिश्रा ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कहा कि आचार्य शुक्ल जीवन पर्यंत हिंदी साहित्य जगत को विकास की ओर अग्रसर किया, जिसके चलते हिंदी साहित्य आज पूरे विश्व में अलख जगा रही साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने कहा कि आचार्य शुक्ल का जनपद से गहरा लगाव रहा। अनुज प्रताप सिंह ने कहा कि शुक्ल ऐसे मनीषी थे, जिनका लोहा पूरा हिंदी साहित्य मानता है। इम्तियाज गुमनाम ने कहा कि हिंदी साहित्य में आचार्य शुक्ल का अद्वितीय योगदान रहा। डा. अनुराधा ओस ने कहा कि आचार्य शुक्ल हिंदी साहित्य का इतिहास लिखकर हिंदी के स्वरूप को दर्शाया जो आज भी प्रासंगिक है। जयराम शर्मा ने कहा कि रचनाओं के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दी। हौसला प्रसाद मिश्र ने कहा कि मां विध्यवासिनी की धरती के रतन्‍ थे। ग्रीन गुरुजी अनिल कुमार सिंह ने पौधारोपण किया। अमित प्रजापति आनंद, हसन एजाज, अमरनाथ सिंह, कृष्ण गोपाल, राम प्रवेश यादव, प्रबंधक राकेशचंद्र शुक्ल, आशीषचंद्र शुक्ल, ऋषभ शुक्ल, मानस, राजेश अग्रवाल, विजय कुमार गुप्ता, महेंद्र मिश्रा, अंश दुबे, हर्षित खत्री, दीपक तिवारी, अरविद अवस्थी ने आचार्य रामचंद्र शुक्ल के जीवन कृत्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।



# विधानसभा चुनाव के लिए प्रशिक्षित किए जाएंगे कार्मिक

**मीरजापुर :** विधानसभा चुनाव 2022 के लिए लगाए जाने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। नगर के महुवरिया स्थित राजकीय इंटर कालेज में आगामी सात, नौ, 10 व 11 फरवरी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। दो पालियों में कार्मिकों को प्रशिक्षण मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया, ईवीएम का सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही सभी अध्ययन सामग्री, सभी कागजातों की जानकारी दी जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार लक्षकार के अनुसार सात फरवरी को प्रथम पाली में एक से एक हजार तक तथा द्वितीय पाली में 1001 से 2000, नौ फरवरी को 2001 से 3000 तथा दूसरी पाली में 3001 से 4000 तक, 10 फरवरी को 4001 से 5000 तक तथा दूसरी पाली में 5001 से 6000 तक तथा 11 फरवरी को पहली पाली में 6001 से सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रथम प्रशिक्षण में केवल पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम शामिल होंगे। कोविड-19 से बचाव के लिए कर्मचारियों को मास्क लगाना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण स्थल पर 30 मिनट पूर्व पहुंचना होगा। जिले में 15309 पुरुष और 8499 महिला सहित कुल 23808 कार्मिक हैं। इसमें से 9072 कार्मिकों की आवश्यकता चुनाव में पड़ेगी। साथ ही 10 फीसद अर्थात 907 कर्मचारियों को रिजर्व में रखा जाएगा। इस तरह से विधानसभा चुनाव में 9979 कर्मचारियों की आवश्यकता पड़ेगी। --- विधानसभा चुनाव के लिए लगाए गए सभी कार्मिक निर्धारित समय पर प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षण के दौरान सैद्धांतिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण को गंभीरता से लें।

# पांड्या से कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं, अगर रोहित टेस्ट में भी कप्तान होंगे तो अच्छा होगा

**नई दिल्ली ।** 2020-2021 में आस्ट्रेलिया में अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में भारत को टेस्ट सीरीज में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए बाकी साथियों के साथ अहमदाबाद पहुंच गए हैं। सात टेस्ट में 26 विकेट लेने वाले शार्दुल ने हालिया दक्षिण अफ्रीका दौरे में



एक पारी में 61 रन देकर सात विकेट लिए थे। वह 17 वनडे में 23 और 24 टी-20 में 31 विकेट ले चुके हैं। वह सातवें और आठवें नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं। उन्हें हार्दिक पांड्या का विकल्प माना जा रहा है। हालांकि वह नहीं मानते कि उनकी पांड्या से कोई प्रतिद्वंद्विता है। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज और भारतीय क्रिकेट पर अभिषेक त्रिपाठी ने शार्दुल ठाकुर से विशेष बातचीत की। पेश हैं मुख्य अंश - हार्दिक जल्दी फिट होंगे। हम दोनों की बल्लेबाजी अलग-अलग तरह की है। हार्दिक पांच या छह नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं। मैं सात या आठ नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं। ऐसे में हम दोनों के बीच कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं है। मैं उसकी जगह लेने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। जितना मैं उनको जानता हूं तो उन्होंने हमेशा मेरा समर्थन ही किया है। वह अपने अनुभव मुझसे साझा करते हैं। मैंने भी ऐसा किया है। सीमित प्रारूप में अगर ज्यादा आलराउंडर आ रहे हैं तो यह टीम के लिए अच्छा है। -मैं खुद को आलराउंडर की तरह ही देखता हूं क्योंकि दिन के अंत में यह नहीं देखा जाता है कि आपकी गेंदबाजी ज्यादा अच्छी है या बल्लेबाजी। आप अगर खेल रहे हो तो आपको प्रदर्शन करना होगा। जब भी आप रन बनाने जाआगे तो यही सोचोगे कि बल्लेबाजी हो और ऐसा ही गेंदबाजी में है। जब मैं बल्लेबाजी करता हूं तो यह सोचता हूं कि मैं बल्लेबाज हूं और जब गेंदबाजी करता हूं तो यही सोचता हूं कि मैं गेंदबाज हूं। -बल्लेबाजीकी प्रतिभा मेरे अंदर पहले से ही थी। हालांकि बीच में बल्लेबाजी करने का इतना मौका नहीं मिला, खासकर रणजी ट्राफी में। जब भारतीय टीम में खेलने का मौका मिला तो टीम में अन्य गेंदबाजों से मेरी बल्लेबाजी अच्छी थी और जो पुराने टीम प्रबंधन के साथी थे जैसे पूर्व कोच रवि शास्त्री, उन्होंने मुझे देखा और सात या आठ नंबर पर मौका भी दिया। जो भी मेरी प्रतिभा थी मैंने उसको लागू किया। जब भी नेट में बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है तो अभ्यास भी करता हूं। निचलेक्रम के बल्लेबाजों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहता है। आप देखोगे कई सालों तक इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया ने उनकी बदौलत काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। -आस्ट्रेलियाई दौरे पर रवि (शास्त्री) सर ने मुझे पहले ही कहा था कि लगता है कि तुम्हें आखिरी टेस्ट तक रुकना पड़ेगा और तुम टेस्ट खेल भी जाओगे। हालांकि मेरा चयन सिर्फ वनडे टीम के लिए ही हुआ था, तो मैं फिर आखिर में सभी प्रारूप में खेला। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि शमी, उमेश चोटिल हो गए। इस वजह से मुझे इस टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच खेलने को मिला। मुझे मौका मिला तो मुझे कुछ करके दिखाना था। इस सीरीज में आस्ट्रेलियाई टीम काफी मजबूत बल्लेबाजी के साथ उतरी थी। स्मिथ, वार्नर टीम में थे और लाबुशाने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अच्छा कर रहे थे। हम जानते हैं कि आस्ट्रेलियाई टीम टेस्ट में कितनी मजबूत है। जब मुझे टेस्ट खेलना पड़ा तो मेरे दिमाग में यही था कि टीम में अपनी जगह पक्की करनी है। साथ ही मैच भी जिताने हैं। -इसमें आपकी तैयारी सबसे अधिक काम में आती है। मैंने पहले भी कहा कि मैच खेलने से पहले आपके नेट सत्र अहम रहते हैं जिसमें आप कैसी बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर रहे हो। फिटनेस पर काम करना भी अहम है। अगर आप शाम को अभ्यास कर रहे हैं तो सुबह थोड़ा समय निकालकर अपनी फिटनेस पर ध्यान दे सकते हो। आलराउंडर ही नहीं, ये हर खिलाड़ी को करना पड़ता है। आपकी भूमिका कभी बदलती नहीं है। हर किसी की एक खास विशेषता होती है जिसकी वजह से आप खेल रहे होते हो। तो शायद कोई भी कप्तान हो आपको अपना खेल दिखाना ही पड़ता है। अपने खेल से प्रभाव भी छोड़ना पड़ता है। सभी कप्तानों की अलग-अलग सोच होती है लेकिन लक्ष्य एक ही होता है कि टीम को जीत दिलाना है। हमें आगामी विश्व कप भी जीतना है। तो मैं कहूंगा कि कप्तान के साथ-साथ अन्य खिलाड़ियों की सोच भी यही है। -टेस्ट में भी रोहित कप्तान होंगे तो अच्छी बात होगी। हर प्रारूप में वह कप्तान हो जाएंगे और एक ही कप्तान रहेगा। रोहित की सोच भी यही है कि हमें आइसीसी टूर्नामेंट जीतने हैं। साथ ही द्विपक्षीय सीरीज भी जीतनी है। अब हम वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलने वाले हैं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे से पहले 4 खिलाड़ी कोरोना पोजिटिव, इन दो बल्लेबाजों को मिली टीम में जगह

**नई दिल्ली ।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली जाने वाली वनडे सीरीज के पहले चिंताजनक खबर सामने आइ है। भारतीय टीम के कुल आठ सदस्य कोरोना की चपेट में आ गए हैं। बीसीसीआइ ने ओपनर शिखर धवन, रितुराज गायकवाड़ और तेज गेंदबाज नवदीप सैनी के टेस्ट पोजिटिव होने की जानकारी दी है। साउथ अफ्रीका के दौरे से लौटी भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी वनडे सीरीज के लिए अहमदाबाद पहुंचे हैं बीसीसीआइ ने टीम के खिलाडियों को कोरोना संक्रमित होने की जानकारी देते हुए बताया। सीरीज को लेकर कोई भी फैसला करने से पहले गुरुवार को सभी के टेस्ट दोबारा से कराए जाएंगे। सोमवार को ओपनर धवन और सैनी के आरटीपीसीआर टेस्ट के पोजिटिव पाए गए। वहीं रितुराज का सोमवार को कराया गया टेस्ट नेगेटिव पाया गया था जबकि मंगलवार को उनको भी पोजिटिव पाया गया। श्रेयस अय्यर के बुधवार का नतीजा भी पोजिटिव आया है जबकि पहले दो राउंड में वह नेगेटिव पाए गए थे। भारतीय टीम के चार खिलाड.ियों को कोरोना पोजिटिव पाए जाने के बाद वनडे



टीम के साथ चयनकर्ताओं ने मयंक अग्रवाल को जोड़े जाने की जानकारी दी है। वह अहमदाबाद में टीम के साथ जुड़ेंगे। इसके अलावा टी20 टीम में शामिल विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को भी वनडे टीम के साथ जोड़े जाने की जानकारी है भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच 6 फरवरी को खेला जाना है। सीरीज के सारे मुकाबले ही अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारतीय टीम 1 फरवरी मंगलवार को ही अहमदाबाद पहुंची है। रोहित शर्मा पहली बार फुट टाइम कप्तान के तौर वनडे सीरीज में उतरेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला वनडे मैच भारतीय टीम का 1000वां वनडे मुकाबला होगा। ऐसा करने वाली भारतीय टीम दुनिया की पहली टीम बन जाएगी। इससे पहले किसी भी टीम ने वनडे फार्मेट में इस मुकाम को नहीं छुआ (उपकप्तान), रितुराज गायकवाड़, शिखर धवन, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, दीपक हुड्डा, रिषभ पंत (विकेटकीपर), दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिशनेई, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और आवेश खान (उपकप्तान), ईशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, रिषभ पंत (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, रवि बिशनेई, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान और हर्षल पटेल

# आज ही के दिन साल 2018 में चौथी बार आइसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप जीती थी टीम इंडिया

**नई दिल्ली ।** आज ही के दिन तीन साल पहले टीम इंडिया की अंडर-19 क्रिकेट टीम तोरंगा के बे ओवल में आस्ट्रेलिया को आठ



विकेट से हराकर रिकार्ड चौथी बार आइसीसी अंडर-19 विश्व कप जीती थी। पृथ्वी शा की अगुवाई वाली टीम टूर्नामेंट में अजेय रही थी। वह सभी छह मैच जीती। सेमीफाइनल में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को बुरी तरह से हराया था। भारत ने पाकिस्तान को 203 रनों से हराकर फाइनल में पहुंची। फाइनल में आस्ट्रेलिया के 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया के ओपनर बल्लेबाज मनजोत कालरा ने नाबाद 101 और विकेटकीपर हार्विक देसाई ने नाबाद 47 रनों की पारी खेली भारत ने 38.5 ओवरों में आराम से लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की शुरुआत अच्छी रही और सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शा और कालरा ने शुरुआत में कुछ आत्मविश्वास से भरे शाट खेले। विल सदरलैंड ने कप्तान शा (29) को क्लीन बोल्ड कर 71 रन की साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद शुभमन गिल, कालरा का साथ निभाने आए और दोनों ने अर्धशतक लगाया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी की। परम उप्पल ने शुभमन (31) को आउट किया। इस सफलता ने युवा आस्ट्रेलियाई खिलाड.ियों में कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन कालरा और देसाई के बीच साझेदारी ने भारत को जीत दिला दी इससे पहले आस्ट्रेलिया टास जीतकर 216 रन पर आउट हो गई थी। जोनाथन मेरलो ने 76 रन बनाए। भारत के बाएं हाथ के शिव सिंह और अनुकुल राय की स्पिन जोड़ी ने शानदार गेंदबाजी की। एक समय आस्ट्रेलिया की टीम चार विकेट पर 183 रन बनाकर मजबूत स्थिति में थी। ऐसा लग रहा था कि टीम 250 के पार पहुंच जाएगी देखा, लेकिन 33 रन पर अंतिम छह विकेट खो दिए। कालरा को मैन आफ द मैच चुना गया, जबकि शुभमन गिल प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने टूर्नामेंट में 373 रन बनाए। बता दें कि फिलहाल क्रिकेट वेस्टइंडीज की अगुवाई में आइसीसी अंडर - 19 वर्ल्ड कप खेला जा रहा है। यश ढुल की कप्तानी वाली टीम आस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में पहुंच गई है। शनिवार को इंग्लैंड से भिड़ेगी।

## अंडर-19 वर्ल्ड कप : टीम इंडिया के फाइनल में पहुंचने पर कप्तान ढुल ने दी प्रतिक्रिया, शेख रशीद को

**सैंट जोंस,।** इंडिया अंडर-19 टीम के कप्तान यश ढुल ने कहा है कि विराट कोहली और उन्मुक्त चंद के बाद आइसीसी अंडर-19 विश्व कप में शतक बनाना वाला तीसरे भारतीय कप्तान बनना उनके लिए गर्व का क्षण है। ढुल ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में शतक बनाया और टीम को फाइनल में पहुंचाने में मदद की। वहीं उप कप्तान शेख रशीद की 94 रन की पारी खेली। फाइनल में अब टीम का सामना इंग्लैंड से होगा। मैच के बाद ढुल ने कहा, ' मेरी और रशीद की योजना अंत तक बल्लेबाजी करने की थी और यह काम कर गई। विराट कोहली और उन्मुक्त चंद के बाद अंडर-19 वर्ल्ड कप में शतक लगाने वाला तीसरा भारतीय कप्तान बनना गर्व का क्षण है। योजना आराम से बल्लेबाजी करने की थी।,बहुत अधिक शाट लगाने की कोशिश नहीं करनी थी। हम 40वें ओवर के बाद तक बल्लेबाजी करना चाह रहे थे। मैं और रशीद ने एक साथ अच्छी बल्लेबाजी की हमने अच्छी पार्टनरशिप बनाई और इसका फायदा दिखा।' ढुल ने यह भी कहा, 'रशीद और मेरे बीच अच्छी साझेदारी रही। जिस तरह से लड़के खेल रहे हैं वह अच्छा है। राशिद मानसिक रूप से काफी मजबूत हैं। हम एक साथ बबल में थे और वह हमेशा मानसिक रूप से तैयार रहते हैं।' शेख रशीद और यश ढुल ने टूर्नामेंट की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी की और मेन इन ब्लू को खराब शुरुआत के बाद उबारा।

# केएल राहुल टी-20 रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे, जानिए विराट कोहली और रोहित शर्मा की स्थिति

**दुबइ ।** आइसीसी ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की। भारत के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए, जबकि विराट कोहली और सीमित ओवरों की टीम के नए कप्तान रोहित शर्मा क्रमशः 10वें और 11वें स्थान पर बने हुए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 20वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह दो स्थान के नुकसान से 26वें पायदान पर हैं। आलराउंडर की सूची में किसी भारतीय को जगह नहीं मिली है। भारत ने हाल के समय में कोई टी-20 मुकाबला नहीं खेला है। ब्रिजटाउन में इंग्लैण्ड खिलाफ पांचवें और निर्णायक मैच में वेस्टइंडीज की 17 रन की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बायें हाथ के स्पिनर अकील हुसैन और तेज गेंदबाज जेसन होल्डर ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। पुरुष रैंकिंग में साप्ताहिक अपडेट में वेस्टइंडीज और इंग्लैण्ड की सीरीज के अंतिम तीन मैच के प्रदर्शन पर गौर किया गया। अकील 15 स्थान की छलांग के साथ 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं। चार विकेट सहित 27 रन पर पांच विकेट चटकाने वाले आलराउंडर और पूर्व कप्तान तीन स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने तीन मैच में नौ विकेट हासिल किए। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शेल्डर कोटरेल (10 स्थान आगे बढ़कर 31वें पायदान पर) को भी नवीनतम रैंकिंग में फायदा हुआ है।

# भारत के खिलाफ किया था डेब्यू, श्रीलंका का ये तेज गेंदबाज भारत दौरे के बाद हो जाएगा रिटायर


**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के फरवरी-मार्च महीने श्रीलंका की मेजबानी करनी है। भारत के खिलाफ श्रीलंका की टीम टेस्ट और टी20 सीरीज खेलने दौरा करेगी। यह सीरीज उनके अनुभवी तेज गेंदबाज सुरंगा लकमल का आखिरी इंटरनेशनल दौरा होगा। उन्होंने सीरीज की शुरुआत से पहले अपने



संन्यास की घोषणा कर दी है। श्रीलंका क्रिकेट टीम दो टेस्ट और तीन टी20 सीरीज खेलने के लिए इस महीने भारत का दौरा करने वाली है। यह सीरीज टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज सुरंगा लकमल का आखिरी दौरा होने वाला है। बुधवार 2 फरवरी को आइसीसी ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि लकमल ने भारत के खिलाफ खेली जाने वाली सीरीज के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है। 34 साल के हो चुके इस तेज गेंदबाज ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के एक पत्र लिखकर बुधवार 2 फरवरी को अपने संन्यास लेने के फैसले से सबको अवगत कराया। उनके इंटरनेशनल करियर के लिए क्रिकेट बोर्ड का उन्होंने धन्यवाद जताया। पत्र में लिखा गया, 'मैं श्रीलंका क्रिकेट द्वारा देश की तरफ से खेलने का मौका देने के लिए हमेशा ही आभारी रहूंगा। मुझ पर विश्वास जताया कि मातृभूमि के सम्मान को बढ़ा सकता हूं। बोर्ड के साथ जुड़कर काम किया जिससे मेरे निजी जीवन में बेहतरी आई और मेरा निजी विकास भी हुआ। मैं सभी साथ में खेले खिलाडियों के साथ तमाम कोच, टीम मैनेजमेंट और कोचिंग स्टाफ का दिल से आभार जताना चाहूंगा। 2010 में वेस्टइंडीज के खिलाफ उनको टेस्ट डेब्यू का मौका मिला। 2011 में पहला टी20 इंटरनेशनल मैच खेला। लकमल ने 68 टेस्ट मैच में 168 विकेट चटकाए। 4 बार एक पारी में 5 विकेट हासिल किया। 86 वनडे में इस गेंदबाज के नाम 109 विकेट हैं। जबकि 11 टी20 में 8 विकेट मिले।

# एशेज में हार के बाद एशले जाइल्स ने इंग्लैण्ड क्रिकेट के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दिया

**लंदन।** इंग्लैण्ड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ऍ) ने पुष्टि की है कि एशले जाइल्स मेंस क्रिकेट के मैनेजिंग डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया। पिछले महीने एशेज में इंग्लैंड की हार के बाद जाइल्स ने यह कदम उठाया है। टीम को आस्ट्रेलिया से 4-0 से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने यह भूमिका तीन साल तक निभाई। इस दौरान इंग्लैण्ड के 50 ओवर के विश्व कप में चैंपियन बना और वर्तमान में दुनिया की नंबर-1 टी20 टीम, एकदिवसीय मैचों में दूसरे और टेस्ट के लिए चौथे स्थान पर हैं। एंड्रयू स्ट्रास अंतरिम आधार पर भूमिका को संभालने के लिए सहमत हो गए हैं और आगामी



वेस्टइंडीज दौरे पर वह इस पद पर बने रहेंगे। इस बीच नए डायरेक्टर की तालाश जारी है। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टाम हैरिसन ने कहा, 'मैं पिछले तीन वर्षों से इंग्लैण्ड के मेंस क्रिकेट में उनकी प्रतिबद्धता और योगदान के लिए एशले का बहुत आभारी हूं। इंग्लैण्ड क्रिकेट के अब तक के सबसे चुनौतीपूर्ण समय से निपटने से लेकर उनके नेतृत्व में टीम ने कुछ उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किए हैं। इसमें यादगार 2019 आइसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप जीतना शामिल है। उनको क्रिकेट जगत में बहुत सम्मान दिया जाता है और उन्होंने ईसीबी और इंग्लैण्ड मेंस क्रिकेट में बहुत बड़ा योगदान दिया है। एशेज में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद हमें यह सुनिश्चित है कि हम अपनी टेस्ट टीम को सफल होने में सक्षम बनाने के लिए अपने खेल में सुधार करें।' दूसरी ओर जाइल्स ने कहा कि पिछले कुछ साल चुनौतीपूर्ण रहे हैं और उन्हें इस बात पर गर्व है कि उन्होंने टीम के साथ जो हासिल किया है। उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ साल अविश्वसनीय रूप से चुनौतीपूर्ण रहे हैं और मुझे इस बात पर गर्व है कि हम सबसे कठिन परिस्थितियों में क्या करने में सक्षम हैं। इसने निस्संदेह इंग्लैण्ड और वेल्स में खेल के भविष्य की रक्षा की है। इन चुनौतियों के बावजूद, पिछले तीन वर्षों में हम वनडे क्रिकेट में विश्व चैंपियन बन गए हैं। दुनिया में नंबर-1 टी20 टीम हैं। हम टेस्ट में चौथे स्थान पर हैं और हमारे अंडर 19 खिलाड़ी 24 साल में पहली बार विश्व कप के फाइनल में पहुंचे हैं।

# अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की बादशाहत, लगातार चौथे और कुल आठवीं बार फाइनल में

**नई दिल्ली ।** आइसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराकर टीम इंडिया फाइनल में पहुंच गई है। टीम लगातार चौथे और कुल आठवीं बार फाइनल में पहुंची है। उसके नाम सबसे ज्यादा बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने का भी रिकार्ड है। वह अबतक चार बार इस खिताब



को अपने नाम कर चुकी है। तीन बार उपविजेता रही है और आठवीं बार वह शनिवार को इंग्लैण्ड के खिलाफ फाइनल में खेलेगी। आइए नजर डालते हैं टीम के शानदार रिकार्ड पर यश ढुल की कप्तानी वाली टीम इंडिया आइसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टूर्नामेंट के पिछले तीन संस्करणों में भी टीम फाइनल में पहुंची है और एक बार खिताब अपने नाम किया है। दो साल पर होने वाले यह टूर्नामेंट पिछली बार दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था। प्रियम गर्ग टीम इंडिया के कप्तान थे। फाइनल में बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले साल 2018 में न्यूजीलैंड में खेले गए अंडर-19 वर्ल्ड कप में पृथ्वी शा की कप्तानी में टीम इंडिया आस्ट्रेलिया को हराकर विजेता बनी थी। साल 2016 में बांग्लादेश में खेले अंडर-19 वर्ल्ड कप में इशान किशन की कप्तानी वाली टीम को वेस्टइंडीज से हार का सामना करना पड़ा था। टीम इंडिया अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 से पहले सात बार फाइनल में खेली है। चार बार विजेता और तीन बार उपविजेता रही है। पहली बार टीम साल 2000 में इस खिताब को अपने नाम की थी। मोहम्मद कैफ टीम के कप्तान थे। इसके बाद साल 2006 में टीम फाइनल में पहुंची लेकिन पाकिस्तान से उसे हार का सामना करना पड़ा। साल 2008 में विराट कोहली की अगुवाई में टीम इंडिया ने मलेशिया में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब अपने नाम किया।

## वर्ल्ड कप : आस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाकर विराट कोहली के क्लब में शामिल हुए यश ढुल

**नई दिल्ली,।** आइसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को टीम इंडिया 96 रनों से हराकर फाइनल में पहुंच गई है। मैच में कप्तान यश ढु ने शतक लगाकर बड़ा रिकार्ड अपने नाम किया। वह विराट कोहली और उन्मुक्त चंद के क्लब में शामिल हो गए। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 37 रन तक अंगकृष रघुवंशी (6) और हरनूर सिंह (16) के विकेट खो दिए। यहां से उप कप्तान शेख रशीद और ढुल ने मोर्चा संभाला और तीसरे विकेट के लिए 204 रन की साझेदारी कर डाली। रशीद शतक से चूक गए। ढुल अंडर-19 वर्ल्ड कप में शतक बनाने वाले विराट कोहली और उन्मुक्त चंद के बाद तीसरे भारतीय कप्तान बन गए हैं।

## राशिफल

**मेष-:** आज पुरानी गलतियों को लेकर भय रहेगा. साझेदारी में चल रहे गतिरोध के सुलझने की संभावना है। भाग्य के प्रबल पक्ष से कोई बड़ा नुकसान होने की संभावना नहीं है। धार्मिक आयोजन या धार्मिक यात्रा का ...

**वृष-:** आज का दिन प्रसन्नता भरा रहेगा. जो जमीन कई सालों से नहीं बिकी वो आज अच्छे दामों पर बिकेगी। आज थोड़ी सी मेहनत से कुछ बड़े फायदे का योग बन सकता है। जीवनसाथी के सहयोग से आर्थिक स्थिति में सुध...

**मिथुन-:** आपका सबसे बड़ा सपना हकीकत में बदल सकता है. लेकिन अपने उत्साह पर नियंत्रण रखें, क्योंकि अत्यधिक प्रसन्नता परेशानी का सबब बन सकती है। निश्चित तौर पर आर्थिक स्थिति में सुधार होगा- लेकिन साथ ..

**कर्क-:** आज आपको परिवार वालों का सहयोग मिलेगा. कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने से खुशी मिल सकती है। यदि आप तत्काल परिणाम चाहते हैं, तो आप निराश हो सकते हैं। रिश्तेदारों का अपेक्षित सहयोग मिल सकता है।

**सिंह-:** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आपका अच्छा व्यक्तित्व आपको समाज में एक अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन लाभदायक रहने वाला है।

**कन्या-:** जिस प्रकार मिर्च खाने को स्वादिष्ट बनाती है, उसी प्रकार जीवन में थोड़ा दुख भी आवश्यक है और तभी सुख का वास्तविक मूल्य पता चलता है. अतिरिक्त पैसा रियल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है।

**तुला-:** आज आपकी यात्रा सुखद रहेगी. शारीरिक कष्ट संभव है। बड़ी योजनाओं और विचारों से कोई आपका ध्यान आकर्षित कर सकता है। किसी भी तरह का निवेश करने से पहले उस व्यक्ति के बारे में अच्छी तरह से जांच-प

**वृश्चिक-:** आज आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं. सेहत आज पहले से काफी बेहतर रहेगी। लवमेट से शादी तय हो सकती है। दोस्तों के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बन सकता है।

**धनु-:** अपनी क्षमताओं को जानो, क्योंकि आपके पास इच्छाशक्ति की कमी है, ताकत की नहीं. बड़ी योजनाओं और विचारों से कोई आपका ध्यान आकर्षित कर सकता है।

**मकर-:** आज सामने आए अवसरों का लाभ उठा पाएंगे. अपना काम खुद करें और खुद को संयम में रखें। उपयोगी लोगों से संपर्क बढ़ेगा। बहुत सारी रचनात्मकता और उत्साह आपको एक और अच्छे दिन की ओर ले जाएगा।

**कुंभ-:** आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा. लवमेट के साथ घूमने का प्लान बन सकता है। घर के किसी भी सदस्य पर बिना वजह गुस्सा न करें। आज आपको अपने किसी करीबी से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन-:** बचपन की यादें आपके मन में बनी रहेंगी। लेकिन इस काम में आप खुद को मानसिक तनाव दे सकते हैं। आपके तनाव और परेशानी का एक बड़ा कारण बचपन की मासूमियत को जीने की इच्छा है, इसलिए खुलकर जिएं।

# सम्पादकीय

## सहकारिता के जरिये कृषि उपज के भंडारण के लिए गांवों में बड़ी संख्या में गोदाम बनाकर किसानों की सुधार सकते हैं दशा

वित्त वर्ष 2022-23 के लिए पेश केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गेंहू और धान आदि के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए 2.37 लाख करोड़ रुपये का प्रविधान किया है। इससे एमएसपी पर मोदी सरकार की मंशा स्पष्ट हो गई है। इस विशाल धनराशि ने कुछ लोगों द्वारा एमएसपी के संबंध में व्यक्त किए जा रहे दुष्प्रचार पर भी विराम लगा दिया है। इसके साथ ही कृषि एवं सहकारिता के लिए 1.4 लाख करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित हुई है। राजनीतिक दुष्प्रचार का कितना व्यापक नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है यह हमने एक वर्ष तक चलाए गए कथित किसान आंदोलन के रूप में देखा है। जो कृषक हित का इतना बहुआयामी कानून था उसे बिना पढ़े हुए काला कानून कह दिया गया। अब आप मंडियों के शिकंजे से मुक्ति के लाभ ही न समझ पाएं तो क्या किया जा सकता है। सरकार द्वारा राजनीतिक दुष्प्रचार के मद्देनजर वे तीनों कृषि कानून वापस ले लिए गए। परिणामस्वरूप कृषि उत्पादकों को राष्ट्रीय बाजार का संभावनाओं से भरा प्लेटफार्म नहीं मिल सका। वे मंडियों, आढ़तियों, बिचौलियों के बंधुआ बने रहे। इससे कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरणएवं भारतीय उद्योग-व्यवसाय में कृषि उत्पादों की बड़ी भागीदारी के सपने देखने वालों को बड़ा झटका लगा है। भले ही कृषि का भाग हमारी जीडीपी में मात्र 16.40 प्रतिशत रह गया हो, लेकिन देश की आंशिक और पूर्ण बेरोजगारी का एक बड़ा अनुपात कृषि क्षेत्र ही संभालता है। आज भारत में रोजगारों का लगभग 46 प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र में है। कोविड के चलते नगर से पलायन के कारण यह संख्या पहले से लगभग तीन प्रतिशत बढ़ गई है। निश्चय ही इसमें छिपी हुई बेरोजगारी की एक बड़ी संख्या समाहित है। सवाल यह है कि अब भविष्य का रास्ता क्या है? सरकारी खरीद को जारी रखना समझ में आता है, लेकिन क्या हमारा ग्रामीण परिवेश यथास्थितिवाद का स्थायी शिकार बना रह जाएगा कृषि पर मंडियों का सामंती नियंत्रण एक बड़ी समस्या बन गई है। मंडियों में आढ़तियों का वर्चस्व है। आढ़तियों और बड़े किसानों की दुरभिसंधि किसी से छिपी नहीं है। समस्या सीमांत, छोटे और मझोले किसानों की है। दूसरी समस्या किसान के पास अपनी उपज की भंडारण क्षमता के न होने की है। भंडारण से किसान को क्रेताओं से भाव-ताव करने की सुविधा मिल जाती है। यदि वह अपनी उपज के तत्काल विक्रय को बाध्य हो गया तो मंडी में उसे आढ़ती के शोषण का शिकार होने से रोका न जा सकेगा। सवाल यह है कि उपज मूल्य के निर्धारण में कृषक समाज की भूमिका का सशक्तीकरण कैसे किया जाए? यह तभी हो पाएगा जब किसान सरकारी बैसाखी के बगैर आढ़तियों, क्रेताओं से उपज की सीधे सौदेबाजी कर पाएगा। क्या कृषि उत्पादक वर्ग को अपनी उपज के भंडारण के लिए राज्य सरकारें या केंद्र सरकार ग्राम सभाओं के माध्यम से सहकारी गोदाम बनवाने की सुविधा देने पर विचार कर सकती है? सहकारिता को आधार बनाकर प्रत्येक ग्राम सभा में उपज भंडारण क्षमता के दृष्टिगत गोदाम बनाने पर विचार कृषक आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है। इस तरह उनकी फसल का जो भी मंडी शुल्क बनता है वह ग्राम सभाओं के माध्यम से सीधे सरकारी खजाने में जमा करा दिया जाएगा। इससे राज्य की मंडी व्यवस्था भंग नहीं होगी, बल्कि मंडियों में हो रही शुल्क की चोरियां भी एक बड़ी सीमा तक समाप्त हो जाएंगी। यदि राज्य मंडी शुल्क की दरों में कमी कर देंगे तो भी उन्हें आवक की मात्रा बहुत बढ़ जाने से आय में कोई कमी नहीं होगी। इस व्यवस्था से क्रेता या आढ़ती सीधे गांव में आकर क्रय करने को स्वतंत्र होगा। किसान को अपनी उपज ट्रालियों पर लादकर मंडी में पहुंचाने, फिर वहां बैठकर विक्रय होने तक उसकी चौकीदारी की जहमत के साथ आढ़तियों के शोषण से भी मुक्ति मिल जाएगी।

# भविष्य की अर्थव्यवस्था को गढ़ने एवं उसे संवारने की पर्याप्त क्षमताओं वाला बजट

आम बजट अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को उम्मीद की किरण दिखाने वाला है। समग्र दृष्टि से परिपूर्ण वृद्धि पर केंद्रित यह एक भविष्योन्मुखी बजट है। रोजगार को बढ़ाने वाला है। फिर भी न्यायिक सुधार एवं पुलिस सुधार जैसे मुद्दों की अनदेखी रह गई। इससे व्यापार एवं जीवन की सुगमता से जुड़े सुधारों से मिलने वाले व्यापक लाभ पर आघात की आशंका दिखती है। बजट पर सत्ता पक्ष और विपक्ष की प्रतिक्रियाएं स्वाभाविक रूप से वैसी ही रहीं जैसी हर साल रहती हैं। बजट का वास्तविक आकलन तभी संभव है जब उसे खांटी राजनीतिक दृष्टि के बजाय समग्रता में देखा जाए। इस लिहाज से बजट में कुछ □बदु प्रमुखता से उभरते हुए दिखेंगे। पहला तो यही कि यह बजट भविष्योन्मुखी है। सूचना प्रौद्योगिकी, ड्रोन, एआइ, ब्लाकचेन, डिजिटल करेंसी जैसे कई उभरते चमकदार क्षेत्रों पर जोर यही दर्शाता है। स्वच्छ ऊर्जा पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। ई-गवर्नेस में निवेश बढ़ाने से जीवन गुणवत्ता सुधरने के साथ ही डिजिटल डिवाइड की खाई भी भरेगी। संचार, विनिर्माण, व्यापार, वितरण मनोरंजन से लेकर कृषि और प्रतिरक्षा तंत्र में तकनीक से लाभ उठाने की योजना बनाई गई है। इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर को लेकर प्रयोगधर्मिता और विदेशी विश्वविद्यालयों के संचालन को मंच प्रदान करने के फैसले भी अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने में मददगार होंगे। ये कुछ ऐसे कदम हैं, जिनमें भविष्य की अर्थव्यवस्था को गढ़ने एवं उसे संवारने की पर्याप्त क्षमताएं हैं। बजट हालिया परिस्थितियों को देखते हुए पटरी पर लौट रही आर्थिक गतिविधियों को सहारा देता है। इसमें एमएसएमई से लेकर आतिथ्य सत्कार से जुड़े उद्योगों में निवेश बढ़ाने के उपाय हैं। इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गरंटी स्कीम को आगे बढ़ाया गया है। गति शक्ति मिशन पर गंभीरता से ध्यान दिया गया है। इन कदमों से वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग बढ़ेगी। आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी लागत घटने और इन्वेंट्री यानी भंडारण प्रबंधन में भी सुधार होगा। स्टार्टअप्स, वेंचर कैपिटल और प्राइवेट इक्विटी के लिए सुगम की गई राह नवाचार को बढ़ाने एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी उत्पादों एवं सेवाओं के विकास को गति प्रदान करेगी। पूंजीगत व्यय में 35 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी कर आवंटन को 7.5 लाख करोड़ रुपये करने से सरकार ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि उसका लक्ष्य तेज आर्थिक वृद्धि है। साथ ही राज्यों को भी एक लाख करोड़ के ब्याज मुक्त ऋण का प्रविधान किया है। इससे निजी निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा। ऊंची जीडीपी वृद्धि के लिए बड़े स्तर पर निवेश भी जरूरी है। सार्वजनिक-निजी निवेश की दोहरी शक्ति में अर्थव्यवस्था को निरंतर सात से आठ प्रतिशत की सतत वृद्धि के



चक्र में दाखिल कराने की क्षमता है। कुछ प्रयासों से बैंकों और निजी क्षेत्र के बहीखाते दुरुस्त हुए हैं। इससे पूंजीगत व्यय को नए सिरे से आगे बढ़ाने में प्राप्त हुई क्षमताओं के बावजूद कुछ हिचक कायम है। ऐसे में सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय बढ़ाने से उनका हौसला जरूर बढ़ेगा। रोजगार का मुद्दा अभी बहुत चुनौतीपूर्ण है। कृषि के बाद कंस्ट्रक्शन यानी निर्माण, बुनियादी ढांचा और विनिर्माण रोजगार प्रदान करने वाले तीन सबसे बड़े क्षेत्र हैं। बजट में सस्ती दरों पर वित्त की व्यवस्था और किफायती मकानों के लिए आवंटन बढ़ाकर कंस्ट्रक्शन क्षेत्र को बड़ा सहारा दिया गया है। अकेले गति शक्ति मिशन में ही रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हैं। सरकार ने गत वर्ष जो पीएलआइ योजना पेश की थी, उसने विनिर्माण क्षेत्र का कायाकल्प कर बड़े पैमाने पर रोजगार प्रदान किए हैं। अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में इलेक्ट्रानिक विनिर्माण क्षेत्र का निर्यात 300 अरब डालर के आंकड़े को पार कर जाएगा। इससे एक करोड़ से अधिक नौकरियां बनेंगी। महंगाई की चुनौती भी इस समय जीडीपी वृद्धि के लिए एक बड़ा जोखिम है। बढ़ती महंगाई आर्थिक वृद्धि से लाभान्वित हुए एक बड़े तबके के लाभ में सेंध लगा सकती है। यही कारण है कि वित्त मंत्री ने राजकोषीय अनुशासन को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराने के साथ ही राजस्व व्यय के बजाय कहीं अधिक उत्पादक पूंजीगत व्यय में वृद्धि को वरीयता दी। बजट प्रस्ताव पारदर्शिता और विश्वसनीयता को भी दर्शाते हैं। कर प्रक्रियाओं को सुगम बनाने एवं करदाताओं में विश्वास जताने की परिपाटी भी कायम रही। जैसे रिटर्न भरने के लिए मिली दो साल की मोहलत यही बताती है कि सरकार को करदाताओं पर पूरा भरोसा है। एक ऐसे समय में जब सरकारी कमाई में तेजी दिख रही है तब मांग बढ़ाने और समाज के वंचित तबकों को सीधी राहत पहुंचाने के लिए खास उपायों के अभाव से जुड़ी आलोचना कुछ हद तक वाजिब लगती है। हालांकि इसमें यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि अभी वैश्विक परिदृश्य डांवाडोल है। महामारी की विदाई नहीं हुई है, देशों में राष्ट्रवाद मुखर होने के साथ ही भू-राजनीतिक तनाव भी चिंता का सबब बना हुआ है। ऐसे में सरकार ने किसी भी आपदा से निपटने के लिए रक्षा कवच तैयार करने का विकल्प चुना।व भी मुंह बाएं खड़ी हैं। जैसे किसी अनुबंध के अमल में आने से जुड़ी विश्व के 180 से अधिक देशों की सूची में भारत 168वें स्थान पर है। भारत में किसी परियोजना को सिरे चढ़ाने में औसतन 1,200 से अधिक दिन लगते हैं और लागत मूल अनुबंध से 25 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ जाती है। इस देरी, लागत और न्याय के मोर्चे पर अभाव खटकता है। ये संकेत करते हैं कि न्यायिक तंत्र, नौकरशाही और पुलिस संबंधी सुधार अब अनिवार्य हो चले हैं। उनमें मामूली बदलाव या अपर्याप्त सुधार से काम नहीं चलेगा। इन संस्थानों को संवैधानिक गारंटी के अनुरूप फिर से गढ़ना होगा। जब तक ये उपाय नहीं किए जाएंगे तब तक कारोबारी एवं जीवन को सुगम बनाने के उपाय मूर्त रूप नहीं ले पाएंगे। अमृत काल में जब देश को उननति के उच्च पथ पर अग्रसर कर स्वतंत्रता की शताब्दी पूरी होने तक शिखर पर पहुंचाने की योजना बनाई जा रही है तब बजट इन सुधारों की अनदेखी करता प्रतीत होता है। फिर भी समग्रता में देखा जाए तो वित्त मंत्री ने मुश्किल माहौल में संतुलित और शानदार बजट पेश किया है।

# राहुल गांधी भूल गए जब नेहरूजी प्रधानमंत्री थे, तब पाकिस्तान ने चीन को सौंप दी थी शक्सगाम घाटीः राजनाथ सिंह

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भारत की विदेश नीति पर उठाए गए सवाल पर भाजपा हमलावर हो गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी ये शायद भूल गए कि जवाहर लाल नेहरू के प्रधानमंत्री रहते हुए पाकिस्तान ने शक्सगाम घाटी चीन को सौंप दी थी। लेकिन हमने गलवान घाटी की एक इंच जमीन भी चीन को कब्जाने नहीं दी है। राजनाथ सिंह ने कांठ विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को सम्बोधित करते हुए कहा, 'कांग्रेस सिर्फ लोगों को गुमराह कर रही है। हमेशा से ही कांग्रेस नेता भारतीय जनता को गुमराह रहे हैं। कल उनके नेता(राहुल गांधी) ने संसद में कहा कि हमने चीन और पाकिस्तान की दोस्ती कर दी है। शायद वे भूल गए जब नेहरूजी प्रधानमंत्री थे, तो पाकिस्तान ने शक्सगाम घाटी चीन को सौंप दी थी। इतना ही नहीं पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में जब कराकोरम हाइवे बना तब भी कांग्रेस की ही सरकार थी। तब इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं।' कांग्रेस पर हमला करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान और चीन को करीब लाने का काम कांग्रेस पार्टी पिछले काफी सालों से करती रही है। हमने तो गलवान घाटी एक इंच जमीन भी चीन को कब्जाने नहीं दी है। ये तो ऐसे लोग हैं जो गलवान घाटी में हमारे बहादुर जवानों के शौर्य पर भी सवाल उठाने से नहीं चूके।

# आम बजट में किसानों की प्रगति के लिए क्या है स्पष्ट संदेश

बजट से ठीक पहले टीवी चैनलों पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि बढ़ाने की खबरों का अनुमान अधिकतर रिपोर्टर और विश्लेषक करने लगे थे। विश्लेषक बता रहे थे कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में नाराज किसानों को संतुष्ट करने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार ऐसा कर सकती है। हालांकि मुझे पूरा भरोसा था कि मोदी सरकार के बजट में ऐसी लोकलुभावन घोषणा नहीं होने वाली है और मेरा मानना है कि यह अर्थशास्त्र के लिहाज से बेहद खराब होता और इससे राजनीतिक लाभ भी बमुश्किल मिलता है। अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण क्षणिक चुनावी लाभ के लोभ में नहीं फंसे और किसानों के हाथ में जाने वाली रकम बढ़ाने के बजाय किसानों को मजबूत करने वाले निणर्य लिए। कृषि कानूनों को वापस लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए यह बड़ी चुनौती है कि किस तरह से देश के 90 प्रतिशत से अधिक छोटे और सीमांत किसानों के हित वाले कृषि कानूनों को लागू करें। सीधे तौर पर उन कृषि कानूनों को लागू करना जोखिम भरा है, इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसी रास्ते पर चले, जिसके लिए उनकी पहचान है। और वह रास्ता है, लंबे समय में बेहतर परिणाम देने वाले निणर्यों को बिना झिझक लागू करना। कर्ज माफी, सब्सिडी और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी जैसे शब्द बजट में सुनने को नहीं मिले तो किसान नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने उनसे आंदोलन का बदला लिया है। अब सवाल यही है कि क्या इस बजट में किसानों के लिए कुछ भी नहीं है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों से आंदोलन करने का बदला लिया है। इसका जवाब बजट में की गई पांच बड़ी घोषणाओं से स्पष्ट हो जाता है। पहला- एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद, दूसरा- पराली जलाने से रोकने पर सरकार की प्रतिबद्धता, तीसरा- आधुनिक ड्रोन तकनीक के जरिये किसानों की फसल का अनुमान लगाने, भूमि रिकार्ड पुख्ता करने और खेती से जुड़ी दूसरी आवश्यकताओं की पूर्ति करना, चौथा- गंगा के किनारे पांच किलोमीटर के दायरे में रसायन रहित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और पांचवां- खेती से जुड़े स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए नाबार्ड के जरिये आर्थिक सहयोग देकर नौजवान किसानों को आधुनिक



कृषि बाजार तैयार करने के लिए प्रेरित करना। बजट में वित्त मंत्री ने बताया कि 2.37 लाख करोड़ रुपये सरकारी खरीद से किसानों के खाते में सीधे पहुंचे हैं और इससे 1.63 करोड़ किसानों को लाभ हुआ है। अगले वित्तीय वर्ष के लिए बजट में ढाई लाख करोड़ रुपये एमएसपी खरीद के लिए सरकार ने प्रविधान किया है। अब किसानों के सामने स्पष्टता है कि सरकार कितने की खरीद एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक करने जा रही है, इससे किसानों के लिए अपनी फसल उसी लिहाज से उगाने का अवसर है। एमएसपी वाली उपज देश भर में ढाई लाख करोड़ रुपये की ही खरीदी जानी है। अब किसान चाहें तो इसके लिहाज से गेहूं और धान के अतिरिक्त दूसरी उपज की योजना तैयार कर सकते हैं। पराली का उपयोग थर्मल पावर प्लांट में करने की सरकार की घोषणा से किसानों को भी लाभ मिलेगा और पर्यावरण भी बेहतर हो सकेगा। बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पांच से सात प्रतिशत बायोमास पेलेट थर्मल पावर प्लांट में उपयोग की बात कही है। कृषि में ड्रोन का उपयोग किसानों के लिए चमत्कारिक तौर पर लाभकारी हो सकता है। कम लागत में खेती से जुड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति ड्रोन के जरिये हो सकेगी। अब तक गंगा के किनारे के इलाके खेती के लिहाज से बहुत उपयोगी नहीं रहे हैं, लेकिन रसायन रहित प्राकृतिक खेती के जरिये इन क्षेत्रों में रहने वाले किसानों को लाभ मिल सकता है। खेती के स्टार्टअप नाबार्ड के जरिये बढ़ावा देने का बजट का एलान नौजवानों को खेती के क्षेत्र में नए प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेगा। कृषि कानूनों को बिना लागू किए सरकार डिजिटल खेती को बढ़ावा देकर दरअसल कृषि कानूनों के लाभ किसानों को देना चाहती है, लेकिन इन पांचों घोषणाओं से अलग खेती-किसानी के लिए प्राणवायु घोषणा है केन-बेतवा नदी को जोड? की परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए बजट में किया गया 1400 करोड़ रुपये का प्रविधान। केन-बेतवा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के 13 जिलों में किसानों और खेतों के लिए संजीवनी का काम करेगी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका सपना देखा था। अब मोदी सरकार उस सपने को वास्तविकता में परिवर्तित करने जा रही है। केन का पानी बेतवा में लाने की यह योजना बुंदेलखंड के किसानों का जीवन बदल देगी। बुंदेलखंड को जल संकट से उबारने के लिए नरेन्द्र मोदी की सरकार ने लगातार काम किया है और अब केन-बेतवा परियोजना वहां के लोगों और किसानों के लिए बहुत बड़ी सौगात है। वर्ष 2021 बीतते मोदी सरकार ने जिस तरह से उत्तर प्रदेश के लगभग 30 लाख किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने वाली सरयू राष्ट्रीय नहर परियोजना पूरी की है, उससे मोदी सरकार पर इस तरह की परियोजना को पूरा करने का भरोसा बढ़ा है। केन-बेतवा परियोजना पर लगभग 45 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है और इसे आठ वर्षों में पूरा किया जाना है। परियोजना पूरी होने के बाद नौ लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगी, 62 लाख लोगों को पीने का पानी मिल सकेगा। केन-बेतवा परियोजना को तेजी से लागू करने के अलावा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पांच नदियों को जोड? के लिए परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का भी एलान किया है। अराजक कृषि कानून विरोधी आंदोलन की वजह से भले नरेन्द्र मोदी ने आधुनिक कृषि कानूनों को वापस ले लिया, लेकिन इस बजट से स्पष्ट हो गया है।

# इस बार का आम बजट पर्यावरण और धारणीय विकास के लिहाज से कैसे है उपयुक्त

विश्व के लगभग सभी देश अक्सर पर्यावरण संरक्षण की बात तो करते हैं, लेकिन किसी भी देश का बजट आम तौर पर पर्यावरण को ध्यान में रखकर नहीं बनाया जाता है। भारत सरकार ने मंगलवार को प्रस्तुत बजट में ऐसा करने का साहस दिखाया है। ऐसा करते हुए निश्चित रूप से भारत ने इस नई पहल से विश्व समुदाय के सामने आज एक रोडमैप प्रस्तुत किया है। हाल में संपनन ग्लासगो सम्मलेन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस प्रकार से विश्व समुदाय के समक्ष -वन सन, वन वर्ल्ड और वन ग्रिड- का संकल्प दोहराया था, वह इस बजट में स्पष्ट रूप से दिखता है। इस बजट में समाज के सभी वर्गों के हितों की चिंता की गई है। परंतु यदि हम केवल धारणीय विकास की बात करें तो इस दिशा में यह मील का पत्थर साबित होगा। यदि बजट को हम पर्यावरण के दृष्टिकोण से देखें तो इसके कई प्रविधान इसे स्थापित करते हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति को ही देखें तो इस परियोजना को मास्टर प्लान के माध्यम से पर्यावरण के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए आधुनिक बुनियादी ढांचे के युग की शुरुआत मानी जा सकती है। बजट में अगले तीन वर्षों के दौरान बेहतर ऊर्जा दक्षता वाली 400 नई वंदे भारत ट्रेनों की घोषणा की गई है जो ग्रीन परिवहन की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसी क्रम में मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए मेट्रो स्टेशनों को रेलवे स्टेशनों से जोड? की पहल भी ग्रीन परिवहन की दिशा में उल्लेखनीय है। ग्रीन परिवहन की दिशा में ही एक और महत्वपूर्ण पहल है पीपीपी मोड के तहत राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम। देश के भौगोलिक रूप से जिन दुर्गम इलाकों में पारंपरिक जन परिवहन प्रणाली संभव नहीं है, वहां यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करने समेत उस क्षेत्र में पर्यटन को प्रोत्साहित करने में इस राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम से भरपूर मदद मिल सकती है। पर्यावरण और स्वास्थ्य की चिंता करते हुए भी इस बार बजट में एक क्रांतिकारी शुरुआत की गई है। खेती को और अधिक लाभप्रद तथा पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से रासायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिए जाने की घोषणा बहुत महत्वपूर्ण है। बजट खेती, प्राकृतिक खेती, शून्य जैविक खेती और कृषि की आधुनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कृषि विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम को अद्यतन किए जाने की भी घोषणा बजट में की गई है। इसके साथ ही ग्रीन क्लीयरेंस को बढ़ावा देने और आवेदकों को जानकारी प्रदान करने के लिए अब इस पोर्टल का दायरा बढ़ाया जाएगा। बिजली चालित वाहनों के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल देश में हो चुकी है और इसे व्यापक रूप से बढ़ावा देने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र को और भी टिकाऊ व अभिनव व्यापार माडल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सेवा के रूप में बैटरी या ऊर्जा, बिजली चालित वाहनों के अनुकूल समग्र परिवेश को विकसित करने से संबंधित तंत्र की दक्षता में सुधार होगा। इससे शहरी क्षेत्रों खासकर महानगरों में सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।

# उच्च शिक्षा के समग्र विकास के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय की नीति

जब देश की शिक्षा व्यवस्था को समय की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार एक नई दिशा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी एनईपी-2020 की घोषणा की गई थी तब कई लोगों ने उसके क्रियान्वयन को ही सबसे बड़ी चुनौती माना था। लेकिन केंद्र सरकार ने अब इसके क्रियान्वयन की दिशा में भी ठोस कदम बढ़ा दिए हैं जिसकी स्पष्ट झलक मंगलवार को प्रस्तुत आम बजट में देखने को मिली। बजट में 12वीं कक्षा तक सभी बच्चों को क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाने की एक असाधारण पहल की गई है, ताकि उनके भीतर शिक्षा की प्रारंभिक अवस्था में ही एक राष्ट्रीय और स्वदेशी अस्मिता विकसित हो सके। कुछ ही समय पहले इस मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय ने भी एक नजीर पेश की थी। विश्वविद्यालय ने हाल में एनईपी-2020 की मूल भावना को ध्यान में रखते हुए सनतक शिक्षा के लिए एक अंडर ग्रेजुएट करिकुलम फ्रेमवर्क (यूजीसीएफ) तैयार किया है। नए प्रविधान के तहत छात्रों को अपने एप्टीट्यूड या अभिरुचि के



अनुसार अपने प्रमुख विषय से बाहर के विषयों के चुनाव करने का विकल्प खुल जाएगा। यानी अगर किसी छात्र का प्रमुख विषय रसायन शास्त्र है तो वह समाजशास्त्र या मनोविज्ञान जैसे विषय भी चुन सकता है। इस व्यवस्था से विश्वविद्यालय के विचार की केंद्रीय संकल्पना साकार हो सकती है, क्योंकि विश्वविद्यालय का विचार इसी बात पर टिका है कि विभिनन विधाओं के छात्रों के बीच आपसी संवाद बढ़े और छात्रों में एक बहुअनुशासनिक दृष्टिकोण विकसित हो। रोजगारपरक कैसे बने शिक्षा : लंबे समय से इस समस्या पर चर्चा जारी है कि विश्वविद्यालय की शिक्षा को कैसे ज्यादा से ज्यादा रोजगारपरक बनाया जाए। एनईपी-2020 में भी इसका उल्लेख किया गया है। यूजीसीएफ इस समस्या का काफी हद तक व्यावहारिक समाधान प्रदान करता है। इस मसौदे के तहत छात्रों को अब चार सेमेस्टरों के लिए इंटर्नशिप या प्रोजेक्ट करने का अवसर मिलेगा। इसका परिणाम ये होगा कि छात्र बाहरी दुनिया के व्यावहारिक ज्ञान और वहां काम आने वाली कुशलताओं से लैस हो सकेंगे। इसी प्रविधान के तहत छात्र अनेक पेशेवर कोर्स जैसे डाटा प्रोसेसिंग, वेब डिजाइनिंग आदि भी कर सकेंगे, जिससे उनके लिए रोजगार के अवसर सुलभ हो सकेंगे। यूजीसीएफ के तहत वैल्यू एडिशन पाठ्यक्रमों जैसे नीतिशास्त्र और भारतीय ज्ञान-विज्ञान की परंपराओं को भी शामिल किया गया है। कोई भी शिक्षा प्रणाली अपने देसी ज्ञान परंपराओं से लाभ उठाए बिना अधिक समय तक मौलिक नहीं रह सकती। इसलिए शिक्षा का स्वदेशीकरण करने के लिहाज से यह एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है। इसकी महत्ता इस बात से और बढ़ जाती है कि इन विषयों के अंक भी जुड़ेंगे। शोध प्रबंध लिखने की क्षमता का विकास करने से भी जुड़ा है। वर्तमान में विभिनन शीर्ष विश्वविद्यालयों में छात्रों को सनतक स्तर पर ही अंतिम वर्ष में नए प्रविधान के तहत छात्रों को सनतक के चौथे वर्ष में लघु शोध प्रबंध लिखना होगा, लेकिन यहां भी इसकी विशिष्टता विषयों का लचीलापन है।

## संक्षिप्त समाचार

### उमर खालिद को लेकर कोर्ट में खुलासा, संघ के नाम पर भड़काया था मुस्लिमों को

**नई दिल्ली। दिल्ली** दंगे की साजिश के आरोपित जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद पर बुधवार को अभियोजन पक्ष ने खून बहाने की मंशा रखने का गंभीर आरोप लगाया। विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत में गोपनीय गवाह का मजिस्ट्रेट को दिया बयान पढ़ा। इसमें बताया कि 'सीलमपुर में हुई बैठक में उमर खालिद ने गुल (गुलफिशा) से कहा था कि भाषणों से काम नहीं चलेगा, यह समझो कि सरकार मुसलमानों के खिलाफ है और खून बहाना पड़ेगा। चक्का जाम ही आखिरी रास्ता है। हमें सरकार को घुटनों पर लाना होगा। 'संघियों' की सरकार इस तरह नहीं मानेगी।' विशेष लोक अभियोजक ने सीलमपुर में पिंजरा तोड़ संगठन की सदस्य देवांगना कलीता और नताशा नरवाल की सक्रियता के बारे में भी बताया। इसके साथ ही संबंधित वाट्सएप चैट प्रस्तुत करते हुए कहा कि इन्हीं दोनों ने जाह्नवी और तबरेज नामक व्यक्ति के माध्यम से छह बसों और एक कैंटर में 23 फरवरी 2020 को जहांगीरपुरी से बुर्के वाली 250-300 महिलाओं को जाफराबाद प्रदर्शन स्थल तक पहुंचाया था। बसों और कैंटर की तस्वीरें दिखाते हुए बताया कि देवांगना और नताशा ने ही इनका किराया भी दिया था। इन्हें पहले शाहीनबाग ले जाया गया था। वहां उन्हें मिर्च पाउडर, कांच की बोतलें और पत्थर मुहैया कराए गए थे। अमित प्रसाद ने कहा कि उमर खालिद को 10 फरवरी 2020 को जंतर-मंतर पर हुए धरने से जहांगीरपुरी में रह रहीं इन महिलाओं के बारे में पता चला था, जो बांग्लादेशी मूल की हैं। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए धरने और साजिश को उन्होंने एनीमेशन के जरिये अदालत को समझाया। इसमें बताया कि किस तरह 25 फुटा रोड पर हेड कांस्टेबल रतन लाल की हत्या कर दी गई थी। इससे पहले कैमरों को कपड़ों से ढंका गया और उनकी दिशा बदली गई या कनेक्शन हटा दिया गया। यही नहीं, दंगाइयों के लिए विशेष तरह से हथियार भी तैयार किए गए थे।

## आम बजट समावेशी बजट है कृषि जगत मे क्रातिं आऐगी- श्रीमती संतोष सिंह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा** आम बजट देश के आर्थिक चक्र को नई ताकत देने के लिए और देश के सर्वांगीण विकास के लिए मंगलवार को 2022-23 के लिए 39.45 लाख करोड़ रुपये का पेश किया गया।



जिस पर भारतीय जनता पार्टी शहीद भगत सिंह महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती संतोष सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताते हुए कहा सरकार का आम बजट समावेशी, मजदूर, किसान,व्यापारी और युवाओं के लिए लाभकारी और देश की दिशा बदल पिछले पायदान पर खडे। व्यक्ति का उत्थान करने वाला बजट है। यह बजट किसानो के लिए कृषि जगत मे क्रातिं लाकर किसानो का चतुर्मुख विकास करेगी और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्यों को प्राप्त करेगी। बजट को लेकर सभी लोगों ने सरकार को सराहा और आभार जताया है।

## सपा सरकार बनने पर खेलों को दिया जाएगा बढ़ावाः सुनील चौधरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा** विधानसभा चुनाव में सपा के प्रत्याशी सुनील चौधरी ने मंगलवार को नोएडा महानगर अध्यक्ष दीपक विग और ग्रामीण जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव की टीम के साथ मामूरा, गिझौड़. बिशनपुरा, सेक्टर 70 बसई, सेक्टर 27, सेक्टर 105, सेक्टर 108, सेक्टर 4 में जनसंपर्क किया। साथ ही



नोएडा क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।सुनील चौधरी ने कहा कि सपा सरकार बनने पर खेलों को बढ़ावा दिया जाएगा। नए स्टेडियम बनाए जाएंगे। जिससे यहां के निवासियों को बाहर नहीं जाना पड़े। कच्ची कॉलोनी का विकास किया जाएगा। भाजपा ने कच्ची कॉलोनी में रहने वालों के साथ भेदभाव किया है।मूलभूत सुविधाओं की मांग के लिए लोगों को प्रदर्शन करना पड़ता है। बिजली, सड़क, पानी, सीवर लाइन आदि की मांग लंबे समय से अधूरी है।नोएडा में लंबे समय से डूब क्षेत्र के कच्ची कॉलोनियों के निवासी बिजली कनेक्शन की मांग कर रहे हैं।समाजवादी कैंटीन के जरिए लोगों को सस्ती दर पर भोजन की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। पिछले पांच वर्षों में प्रदेश की भाजपा सरकार ने विकास के नाम पर एक भी ईंट नहीं रखी है। अखिलेश यादव की सरकार के कार्यकाल में जो भी कार्य हुए हैं उन्हीं का नाम बदलकर वाहवाही लूट रही है। सपा में महिलाओं का विकास व उत्थान किया गया है। महिलाओं के प्रति सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष भी सजग व संवेदनशील हैं और यही वजह है कि उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए 1090 हेल्पलाइन और डायल 100 जैसी त्वरित राहत देने वाली योजनाएं शुरू की। जबकि भाजपा सरकार ने डायल 100 का नाम बदलकर 112 कर दिया।

## एमपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कापीरेशन के अध्यक्ष ( कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ) माननीय विनोद गौंटिया जी का हुआ माँ शारदा की पावन नगरी मैहर में शानदार स्वागत

**प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कैलाश गौतम भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी वरिष्ठ नेता सनत गौतम के मार्गदर्शन व मण्डल अध्यक्ष अनुपम सोनी के नेतृत्व में हुआ शानदार स्वागत**

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दिनेश यादव**

**मैहर** माँ शारदा की पावन नगरी मैहर में आज दोपहर 12 बजे अलाउद्दीन खां चौराहे पर एमपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कापीरेशन के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) माननीय विनोद गौंटिया जी का अविस्मरणीय अतुलनीय अकल्पनीय शानदार स्वागत किया जी के कुशल मार्गदर्शन व मैहर नगर मण्डल अध्यक्ष अनुपम सोनी के कुशल नेतृत्व में आयोजित रहा है व मण्डल के समस्त पदाधिकारिओ सहित सम्पूर्ण भाजपा परिवार उपस्थित रहा है माँ शारदा के दर्शन कर लिया देश व प्रदेश में खुशहाली का वरदान माननीय विनोद गौंटिया जी ने आज मैहर पहुंचकर त्रिकुट पर्वत पर



गय आज का कार्यक्रम भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य माननीय कैलाश गौतम भाजपा जिलाध्यक्ष माननीय नरेंद्र त्रिपाठी जी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सनत गौतम के कुशल मार्गदर्शन में व नगर मण्डल मैहर अध्यक्ष अनुपम सोनी के कुशल नेतृत्व में किया गया माननीय विनोद गौंटिया जी के मैहर आगमन पर भाजपा के समस्त वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला व अपने लाडले नेता के स्वागत के लिए पलके बिछाकर इंतजार में खड़े रहे है अतः जैसे ही माननीय विनोद गौंटिया जी का आगमन हुआ तब भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से सारा माहौल गुंजायमान हो गय का कार्यक्रम भाजपा सतना जिलाध्यक्ष माननीय नरेंद्र त्रिपाठी जी एवं वरिष्ठ नेता सनत गौतम विराजी माँ शारदा के दर्शन किये तथा माँ से देश प्रदेश में खुशहाली का वरदान मांग माँ शारदा के दर्शनोपरांत माननीय विनोद गौंटिया जी कैफे सुरबहार पहुंचे अतः वहां पर भाजपा के अनेक वरिष्ठ जनो व पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात किये तथा तथा अपने अल्प समय मे भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया अपने सम्बोधन के माध्यम से माननीय गौंटिया जी ने कहा कि पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता छोटा या बड़ा नही होता तथा आज का छोटा कार्यकर्ता पार्टी के शीर्ष स्थान को प्राप्त कर सकता है तथा भारतीय जनता पार्टी एक परिवार है व परिवार में हम सब एक बराबर । में भाजपा जिलाध्यक्ष माननीय नरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी में रहकर ही हम खुद को निखार सकते है व पार्टी की नीतियों के अंतर्गत चलने वाला एक दिन मुकाम हासिल करता ह आयोजित संबोधन कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री विनोद चौरसिया जी ने किया व अंत मे भाजपा के वरिष्ठ नेता सनत गौतम जी ने आभार व्यक्त किए आज के आगमन स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कैलाश गौतम,सतना भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष विजय तिवारी,वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष संजय राय,भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुपम सोनी,वरिष्ठ समाजसेवी रमेश पांडेय (बमबम महाराज),वरिष्ठ नेता सनत गौतम,पूर्व मण्डल अध्यक्ष व अंत्योदय समिति के अध्यक्ष अशोक चौबे,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विष्णु चौरसिया,पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष संतोष सोनी,जिला कार्यसमिति के सदस्य व पूर्व मण्डल अध्यक्ष सत्यभान सिंह,जिला सराफ,प्रमोद सिंह,राजेश दुबे,दिलीप त्रिपाठी,सूर्यप्रकाश चौरसिया,पूर्व मण्डल अध्यक्ष धीरज पांडेय, मंडल उपाध्यक्ष संजय जादवानी व्यापारी कल्याण संघ मैहर के अध्यक्ष नितिन ताम्रका?,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ तिवारी,रावेंद्र सिंह,अनन्त सोनकिया,परषोत्तम चौरसिया,युवा मोर्चा मैहर अध्यक्ष प्रिंस शर्मा,विपिन गौतम,प्रकाश तिवारी,विनोद चौरसिया,सन्तोष चौरसिया,मंडल मीडिया प्रभारी सुशील खेटपाल द्विवेदी,गणेश विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री,सुदामा प्रजापति विकास तिवारी राजा पांडे ,इंद्रजीत सिंह मैनी (छोटू भैया)युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रोहित ताम्रकार,अखिल गोयल,जिला अल्पसंख्यक मंत्री शेख अमजद,गोले तिवारी,भाजपा नेत्री संध्या उरमलिया,हीरा चौरसिया,मनोज चौरसिया,सन्तोष चौरसिया,कुंवर प्रताप सिंह,गौरव आंवल आकाश चौरसिया सहित भाजपा के अनेक नेता व कार्यकर्ता गण शामिल रहे है

## श्रीमती प्रीति चौधरी ने सेक्टर 11 सेक्टर 15 में प्रचार किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा** समाज वादी पार्टी के प्रत्याशी सुनील चौधरी की पतने श्रीमती प्रीति चौधरी ने आज सेक्टर 11और 15 मे प्रचार किया प्रचार का मुख्य नेतृत्व शम्भू प्रशाद पोखरियाल महासचिव नोएडा महानगर कर रहे थे। श्रीमती चौधरी ने कहा उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने जा रही है साथियों अगर इस बार



विधायक अपने क्षेत्र का होगा समाजवादी पार्टी का होगा ,आपका बेटा ,होगा आपके बीच का भाई होगा, कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाला व्यक्ति होगा, तो क्षेत्र का विकास विकास नहीं विकास गतिशील हो जाएगा । समय-समय पर परिवर्तन की आवश्यकता होती है साथियों इस बार आप कलम की ताकत सुनील चौधरी को दे। समाजवादी सरकार को दें। क्षेत्र का विकास खुद पर खुद गति पकड़ेगा ।आपके क्षेत्र की जो भी समस्या है सरकार बनने पर जगह-जगह चौपाल लगाकर समस्याओं को सुना जाएगा समस्याओं का निवारण किया जाएगा सुनील चौधरी का निवास 19 सेक्टर में उनको सेक्टर की नोएडा महानगर की अधिक जानकारी है उनका बचपन गलियों में नोएडा के मोहल्लों में बीता है साथियों चौधरी समाज सेवा 20 साल से कर रहे हैं करोना काल में चौधरी ने व्यक्तिगत रूप से काफी जरूरतमंद लोगों की मदद की, इसी दौरान शंभू प्रसाद पोखरियाल ने कहा, अपने क्षेत्र के सभी भाइयों और बहनों सभी साथियों से आग्रह करता हूं अपने पहाड़ी साथियों से आग्रह करता हूं साथियों इस बार कलम की ताकत अपने नोएडा में रहनी चाहिए अपने नोएडा के लोगों के पास रहनी चाहिए सुनील चौधरी के बिजयी होने पर आप खुद ही विधायक होंगे । महानगर उपाध्यक्ष दिलबर सिंह रावत ने कहां मैं उत्तराखंड का बेटा हूं मैं समाज सेवा में सुनील चौधरी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता हूं अखिलेश यादव उत्तराखंड वासियों का बहुत सम्मान करते हैं उनकी धर्मपत्नी भी उत्तराखंड की है मैं सभी उत्तराखंड का हूँ।साथियों सभी सेक्टर वासियों से अनुरोध करूंगा कि आप आने वाली 10 तारीख को साइकिल का बटन दबाकर अपने बीच का प्रत्याशी सुनील चौधरी को विजयी बनाए। जोड़कर अनुरोध है ज को अपना वोट दें अपने क्षेत्र के प्रत्याशी को वोट दें इस बार सुनील चौधरी को अपना वोट देकर विजयी बनाएं। महानगर,सचिव कुलदीप शर्मा,सचिव हीरा सिंह नेगी, उर्मिला चौधरी विधानसभा अध्यक्ष, जगदंबा प्रसाद रतूड़ी (मंडल अध्यक्ष) , एडवोकेट तरुण अवाना और उनकी टीम,अशोक,सागर, संतोष शर्मा, रूबी यादव, राम सहेली,सीमा शर्मा एव इस क्षेत्र के सभी पदाधिकारी, स्थानीय निवासी एवं नेतागण कर रहे थे।


## दिल्ली में 15 फरवरी के बाद फिर शुरू हो सकती है मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना

**दिल्ली** । दिल्ली में कम होते कोरोना के मामलों के बीच जहां पाबंदियां कम की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ एक बार फिर दिल्ली सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना को फिर से शुरू किए जाने पर विचार कर रही है। दिल्ली सरकार सभी पहलुओं की समीक्षा करने के बाद तीर्थ यात्रा योजना को शुरू करने के बारे में फैसला लेगी।दिल्ली तीर्थ यात्रा विकास समिति के चेयरमैन कमल बंसल का कहना है कि 15 फरवरी के बाद कभी भी तीर्थ यात्रा योजना को फिर से शुरू किया जा सकता ह सरकार ने इसके लिए रेलवे के अधिकारियों से ट्रेनों का शेड्यूल मांगा है। उन्होंने कहा है कि ट्रेनों का शेड्यूल मिलते ही दिल्ली सरकार तीर्थ यात्रा की तारीखों की घोषणा कर देगी।एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना को लेकर भी लोग अब पूछताछ कर रहे हैं।

## नशा मुक्त जिला बनाने के संकल्प का स्वागत आप ने नशे के विरुद्ध 5 माह पूर्व सौंपा था ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल व्यौहारी** विगत दिनो शहडोल जिले के पुलिस कप्तान श्री अवधेश गोस्वामी के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच के डी सी सागर जी द्वारा चलाए गए नशा मुक्त जिला बनाने हेतु ऑपरेशन प्रहार के माध्यम से चलाए गए तबाड,तोड़ छापामारी की कार्यवाही से प्रतिबंधित नशीली सिरफ के कारोबार करने वाले अपराधियों में हड़कंप मच गया है जिसकी समस्त जिले वासियों के द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है विदित हो कि आज से 5 माह पूर्व ब्यौहारी में हो रहे अवैध व्यापार शराब तथा मेडिकल स्टोरों से बिकने वाली नशीली गोलियों के खिलाफ आम आदमी पार्टी ब्यौहारी के द्वारा माननीय एसडीएम महोदय को एक ज्ञापन पत्र सौंपा था परंतु उसके पश्चात भी नशे के अवैध व्यापार पर प्रतिबंध नहीं लगा था अपितु नशे के व्यापार करने वालों के द्वारा फाब्तियां कसे जाने लगी थी क्या हुआ, परंतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा देर से ही सही परंतु नशे के कारोबारियों पर जो शिकंजा कसा गया आम आदमी पार्टी ब्यौहारी उनके इस कदम के लिए तहे दिल से शुक्रगुजार है उनके द्वारा उठाया



गया यह कदम युवा पीढ़ी को नशे की गर्त पर जाने से रोक लिया और आवश्यकता इस बात की है कि अब भविष्य में नशे के अवैध कारोबारी अब अपना सर ना उठा पाए और नशे का जहर समाज में ना फैलाएं नशे के कारोबारियों पर नकेल कसने का काम स्थानीय पुलिस प्रशासन बखूबी निभा सकता है आपके ब्लॉक अध्यक्ष श्री भूपेंद्र श्रीवास्तव ने कहा है कि ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत तो नशीली सिरप के कारोबारियों पर की तो धरपकड़ हो गई परंतु ब्यौहारी शहर में ही नहीं बल्कि पूरे ब्यौहारी क्षेत्र में अवैध गांजे का कारोबार भी खूब फल फूल रहा है जगह-जगह उपलब्ध हो जाती है और करीब-करीब सभी मेडिकल स्टोरों में नशे की गोलियां आसानी से मिल जाती हैं इस बात को भी अगर पुलिस अधीक्षक महोदय अपने संज्ञान में लेंगे तो समाज पूर्णतया नशा मुक्त हो जाएगा और युवा पीढ़ी पर यह उनका एहसान होगा आगे कुछ समस्याओं से अवगत कराते हुए श्री श्रीवास्तव जी ने बताया कि ब्यौहारी क्षेत्र में इस समय नशे के अलावा भी कुछ संगीन समस्याओं से भी जूझ रहा है जैसे जूआ एवं सटा का बाजार भी यहां सदैव गर्म रहता है ,और रोड की संकीर्णता की समस्या भी ब्यौहारी शहर को ग्रहण लगा रहा है ब्यौहारी शहर की सड़क अतिक्रमणकारियों के शिकंजे में फंसा हुआ है यूं तो कहने को शहर में डबल रोड है परंतु कुछ स्थाई दुकानदारों के द्वारा अपना सामान रोड पर रखकर रास्ता संकीर्ण कर देते हैं और जो कुछ बचता है उसमें अस्थाई दुकानदारों और अनियंत्रित खड़ी टैक्सी बसों के द्वारा भी आवागमन अवरुद्ध कर दिया जाता है जिससे सदैव दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बना देखता रहता है दूसरी हम समस्या रेत के कारोबार में लगे हैवी वाहनों की है जो दिन रात ओवरलोडिंग करते हुए उत्तेजक हार्न बजाते हुए तेज गति से दिन-रात चलते रहते हैं आए दिन लोग दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं आम आदमी पार्टी सक्षम अधिकारियों से अनुरोध करती है कि ऑपरेशन प्रहार की तरह ही इन समस्याओं के संबंध में भी कोई ऑपरेशन ईजाद करें जिससे आम आदमी सुरक्षित हो सके

## नोएडा मे किसका होगा राजतिलक और किसकी मनेगी होली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

.नोएडा 2022 विधान सभा का चुनाव अपनी पूरी जवानी पर है क्योंकि चुनाव का पहला चरण यही से शुरू हो रहा है नोएडा सीट पर भारतीय जनता पार्टी 3 बार से काबिज है ।यह इतिहास चौथी बार भी बनेगा या नही ।वही समाज वादी पार्टी ने दो बार से हार रहे प्रत्याशी सुनील चौधरी पर फिर दाव लगा दिया है । शायद समाज वादी पार्टी के आला कमान को यह लग रहा हो कि नोएडा से चुनाव लडने का अनुभवी व्यक्ति सुनील चौधरी से अच्छा और कोई नहीं है और इस चुनाव मे वह दिख भी रहा है । नोएडा मे भारतीय जनता पार्टी बडी आसानी से चुनाव लडकर जीत दर्ज कर लेती थी। लेकिन ऐसा लगता है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी डरी हुई है इसीलिए तो बडे बडे स्टार प्रचारको की बाढ सी आ गयी है ।ऐसा लगता है कि भारतीय जनता पार्टी इस हाट सीट को खोना नही चाहती है ।यही कारण है कि रोज एक नये और बडे चेहरे को नोएडा मे प्रचार के लिये पार्टी को उतारना पड रहा है । नोएडा मे योगी सरकार के दर्जनों मंत्री अभी तक आ चुके ।और अब केन्द्र के मंत्रियों और सांसदो की शुरुआत हो गयी है।बिहार का वोट समाज वादी पार्टी मे जाते देख बिहार के सुपरस्टार और गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला और बिहार के दूसरे सुपरस्टार और दिल्ली के सासद मनोज तिवारी को नोएडा मे प्रचार के लिये उतरना पडा। खैर चुनाव है अपनी अपनी राजनीतिक गोटियाँ बिछाने में कोई पीछे नही है ।वही समाज वादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जो नोएडा आने से परहेज़ करते थे उन्हें भी नोएडा आने के लिए मजबूर होना पड रहा है । इस बार का चुनाव है बडा दिलचस्प ।मुकाबला भी काफी नजदीक का लग रहा है ।लोगों की राय यह निकल कर आ रही है कि मुख्यमंत्री तो बाबा ही चाहिए लेकिन नोएडा मे बदलाव चाहिए ।इससे यह साफ जाहिर होता है कि भारतीय जनता पार्टी से किसी को कोई गुरेज नहीं ।प्रत्याशी से गुरेज लगता है ।खैर इतना आसान यह तख्ता पलट नहीं है ।उसका सीधा कारण यह है कि यहाँ प्रवासी मतदाता बहुतायत संख्या में है और लगभग सभी शिक्षित मतदाता है।इसलिये यह डगर आसान नही होगी वही काग्रेस की प्रत्याशी पंखुडी पाठक के समर्थक तो यह कह रहे है कि दोनों को देख लिया इस बार मतदाता काग्रेस के साथ है।और इसी के चलते काग्रेस का सबसे चर्चित चेहरा प्रियंका गाँधी को नोएडा के प्रचार में आना पडा। इस समय सभी पाटिर्याँ वादो की झडी लगा दी है ।यही पर बहुजन समाज वादी पार्टी के प्रत्याशी कृपा राम शर्मा ब्राह्मण चेहरे का फायदा लेने मे लगे हुए है । उसका कारण भी है कि नोएडा विधान सभा मे सबसे ज्यादा मतदाता ब्राहम्ण एक लाख चालीस हजार है ।और बहुजन समाज वादी पार्टी के परंपरागत वोटर लगभग पच्चीस हजार है । इसी समीकरण को बिठाने में बहुजन समाज वादी पार्टी लगी हुई है । नोएडा की हाट सीट के मतदाता इस बार कुछ समझ नही पा रहे है कि ऊट किस करवट बैठता है । और इन सबकी गणित खराब करने के लिए आम आदमी पार्टी भी पंकज अवाना को मैदान में उतार कर समीकरणों का खेल बिगाड़ दिया है ।नया जोश आम आदमी पार्टी मे देखने को मिला और बडी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है ।कुछ भी हो चुनाव बडा दिलचस्प है।खैर आगे आगे देखो होता है क्या ।

## मैहर विधानसभा क्षेत्र ग्राम गोरइया में यंग ब्रिगेड द्वारा आयोजित हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दिनेश यादव**

**मैहर** के ग्राम गोराइऱ्या कला में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धर्मेश घई जी कार्यक्रम की अध्यक्षता यंग ब्रिगेड के जि़ला अध्यक्ष उदय राज सिंह जी रहे एवं विशिष्ट अतिथि ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी जी कार्यक्रम के आयोजक यंग ब्रिगेड के जि़ला अध्यक्ष उदय राज सिंह ने समस्त ग्राम वासियो एवं यंग ब्रिगेड गोरइया के सभी नवयुवकों को सफल आयोजन हेतु सुभकामनाएँ दी। ग्राम गोरइया के चन्द्रभान सिंह देवदत्त पांडेय सुभाष पांडेय अमरपाल सिंह धरमपाल सिंह धर्मेंद्र तिवारी लखन सिंह देवेंद्र सिंह गद्दु शुक्ला अतुल सिंह शिब्बू सिंह गोलू सिंह



## ब्योहारी में हुआ कबड्डी मैट का शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल व्योहारी** विकासखंड ब्योहारी मैं दिनांक 28/01/22 को खेल एवं युवा कल्याण विभाग



विकासखंड ब्योहारी अंतर्गत विधायक महोदय श्री शरद कोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 83 की अनुशंसा पर कबड्डी मैट खिलाडि़यों के लिए प्राप्त कराई गई जिसका शुभारंभ विधायक महोदय द्वारा कबड्डी मैट का कोड बनाकर रिबन काटकर एवं पूजन के माध्यम से किया गया , कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा क्रमांक 83 विधायक महोदय श्री शरद कोल एवं अतिथि सीएमओ नगर पंचायत ब्योहारी और भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सोनी एवं विकास खंड ब्योहारी कि ब्रॉक युवा समन्वयक कोमल नामदेव एवं विकास खंड के वरिष्ठ एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी शमीम खान एवं युवा समिति विकासखंड ब्योहारी के के सदस्य श्रशांत माली , पंकज साकेत, अवनीश तिवारी, आयुष सिंह, हिमांशु कुशवाहा, शिवम साकेत, शिवम बुनकर, आनंद केवट, दीपक सिंह कुशराम, जिवेंद्र बंसल , एवं स्टेडियम आउटसोर्स कर्मचारी श्री आनंद सोनी एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे, मैट पूजन और उद्घाटन के उपरांत कबड्डी मैच का आयोजन कराया गया जिसमें चार टीमों ने भाग लिया, 1, युवा समिति , क्रीडा परिषद,ब्योहारी,2 मॉडल हाई स्कूल ब्योहारी ,3 सुंदी बाई केसरवानी ब्योहारी ,4 स्काउट दल उत्कृष्ट विद्यालय ब्योहारी , यह चार टीमें रही, एवं समापन समारोह में विधायक महोदय का उद्बोधन कराया गया एवं उन्होंने ।खिलाडि़यों के भविष्य की कामना की और फुटबॉल के खिलाडि़यों को अभ्यास हेतु खेल सामग्री प्रदान कराई गई, इसी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया

## दिल्ली-एनसीआर में मौसम का यू टर्न, बारिश के साथ तेज हवाओं ने बढ़ाई ठंड

**नई दिल्ली/नोएडा/गुरुग्राम,** आनलाइन डेस्क। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बृहस्पतिवार सुबह से ही दिल्ली-एनसीआर के मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है। दिल्ली के साथ-साथ एनसीआर के कई इलाकों में भी बृहस्पतिवार सुबह तेज झोंकेदार हवा के साथ रुक-रुक बारिश हुई, जिसके बाद ठंड का एहसास बढ़ गया है। फिलहाल दिल्ली-एनसीआर के आसमान में बादल छाए हुए हैं और बारिश होने के पूरे आसार हैं।दिल्ली के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में में सुबह 6 बजे के बाद मध्यम स्तर की बारिश हुई। करीब आधे घंटे तक हुई बारिश ने ठंड का एहसास बढ़ा दिया है। बारिश के बीच चल रही हवाओं में दिल्ली-एनसीआर में हल्की ठिठुरन भी बढ़ा दी है। में बाहर निकले लोगों को बारिश के चलते दिक्कतें पेश आ रही हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, शुक्रवार को भी कमोबेश ऐसा ही मौसम बने रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू कश्मीर की तरफ नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बृहस्पतिवार को दिन भर बादल छाए रहेंगे और इस दौरान हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होती रहेगी।

# फरवरी में इन 7 वेब सीरीज और 3 फिल्मों से बढ़ेगा OTT का तापमान, हर हफते एक धमाकेदार डेब्यू

**नई दिल्ली** । दिसम्बर के अंतिम दिनों में कोरोना वायरस पैनडेमिक की तीसरी लहर की आशंका के बाद शिथिल पड़ी फिल्म इंडस्ट्री एक बार फिर तेजी पकड़ रही है और वायरस के घटते असर को देखते हुए फिल्मों की थिएट्रिकल रिलीज जोर पकड़ रही है। वहीं, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी बॉलीवुड फिल्मों के रिलीज होने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। फरवरी का महीना कई मायनों में खास रहने वाला है, क्योंकि इस महीने बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित और डिस्को डांसर मिथुन चक्रवर्ती का ओटीटी डेब्यू होने जा रहा है। वहीं, दीपिका पादुकोण की भी पहली फिल्म सीधे ओटीटी पर रिलीज हो रही है। चलिए, आपको विस्तार से बताते हैं, कहां क्या आने वाला है। फरवरी के पहले शुक्रवार यानी चार फरवरी को सिनेमाघरों में तो कोई नई फिल्म रिलीज होने वाली नहीं है। अलबत्ता ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर जरूर धमाल मचा हुआ है। 4 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर तापसी पन्नू और ताहिर राज भसीन की फिल्म लूप-लपेटा रिलीज हो रही है, जो साल 1998 में आई जर्मन फिल्म रन लोला रन का आधिकारिक रीमेक है। आकाश भाटिया निर्देशित यह रीमेक पहले सिनेमाघरों में आने वाली थी, मगर हालात के मद्देनजर इसे नेटफ्लिक्स पर उतारा जा रहा है। 2020 की फरवरी में आयी थप्पड़ तापसी की आखिरी फिल्म है, जो सिनेमाघरों में आयी थी। इस बीच उनकी हसीन दिलरूबा और रश्मि रॉकेट ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज हुई हैं। डिजनी प्लस हॉटस्टार पर थ्रिलर वेब सीरीज द ग्रेट इंडियन मर्डर रिलीज हो रही है। यह स्लमडॉग मिलियनरे फेम विकास स्वरूप के उपन्यास सिक्स सस्पेक्ट्स का अडेप्टेशन है, जिसे तिग्मांशु धूलिया ने निर्देशित किया है। इस थ्रिलर-मर्डर मिस्ट्री-पॉलिटिकल सीरीज में प्रतीक गांधी, रिचा चड्ढा, आशुतोष राणा, शशांक अरोड़ा, रघुबीर यादव, शारिब हाशमी, एमे वाघ, जतिन गोस्वामी और पाओली दाम अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। सीरीज हिंदी, तमिल, तेलुगु, कनन्ड़, मलयालम और बंगाली में स्ट्रीम होगी। सोनी-लिव पर रॉकेट बॉयज आ रही है, जो बायोपिक वेब सीरीज है। सीरीज भारतीय स्पेस कार्यक्रम के जनक




कहे जाने वाले डॉ. होमी जहांगीर भाभा और डॉ. विक्रम साराभाई के जीवन को दिखाएगी। होमी जे भाभा के किरदार में जिम सरभ हैं, वहीं विक्रम साराभाई के रोल में इश्वाक सिंह दिखायी दे रहे हैं। रॉकेट बॉयज का निर्देशन अभय पन्नू ने किया है। इसका निर्माण निखिल आडवाणी और सिद्धार्थ रॉय कपूर ने किया है। डिजनी प्लस हॉटस्टार पर कोरियन ड्रामा सीरीज सनेड्रॉप का पहला एपिसोड रिलीज होगा। इसके बाद हर हफ्ते इसका नया एपिसोड आएगा। यह एक पीरियड ड्रामा है, जिसमें राजनीतिक उथल-पुथल के बीच एक प्रेमी जोड़े के संघर्ष को दिखाया जाएगा। सीरीज में कुल 16 एपिसोड्स हैं और जुंग हे-इन और जिसू लीड रोल में हैं। अमेजन प्राइम वीडियो पर गहराइयां रिलीज होगी। शकुन बत्रा निर्देशित इस रोमांटिक फिल्म में दीपिका पादुकोण, अनन्या पांडेय, सिद्धांत चतुर्वेदी और धैर्य कारवा लीड रोल्स में हैं। इस फिल्म का निर्माण करण जौहर ने किया है। दीपिका और अनन्या की यह पहली फिल्म है, जो सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही है। फिल्म की स्टार कास्ट बिग बॉस 15 के फिनाले में प्रमोशन के लिए पहुंची थी। एमएक्स प्लेयर पर रक्तांचल का दूसरा सीजन स्ट्रीम किया जा रहा है। यह एक क्राइम-पॉलिटिकल सीरीज है, जिसकी पृष्ठभूमि उत्तर प्रदेश का पूर्वांचल इलाका है और कहानी गैंगस्टर से नेता बने बाहुबली और बदले के लिए उसके सामने खड़े पढ़े-लिखे युवा की है। निकितन धीर, क्रांति प्रकाश झा, आशीष विद्यार्थी के साथ दूसरे सीजन में करण पटेल और माही गिल भी अहम किरदारों में दिखेंगे। प्राइम पर वेब सीरीज बेस्टसेलर रिलीज होगी। बेस्टसेलर एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसका निर्देशन मुकुल अभ्यंकर ने किया है। अन्विता दत्त और अल्थिया कौशल ने इसे लिखा है। आठ एपिसोड्स की सीरीज में मिथुन के साथ श्रुति हासन, अर्जन बाजवा, सत्यजीत दुबे और सोनाली कुलकर्णी अहम भूमिका में दिखेंगे। हुमा कुरैशी और अवंतिका दसानी की वेब सीरीज मिथ्या जी5 पर रिलीज होगी। छह एपिसोड्स की साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज की कहानी दार्जिलिंग में दिखायी गयी है, जहां हुमा कुरैशी का किरदार जूही विश्वविद्यालय में हिंदी लिटलेचर का प्रोफेसर है। अवंतिका दसानी का किरदार रिया राजगुरु स्टूडेंट है। रिया के निबंध को जूही प्लेजरिज्म बताती है और इसको लेकर इन दोनों के बीच मनोवैज्ञानिक लड़ाई शुरू हो जाती है, जो धीरे-धीरे खतरनाक होती जाती है।सोनी-लिव पर होमकमिंग फिल्म आ रही है। इस फिल्म की कहानी कोलकाता में सेट है, जहां कुछ दोस्त दुर्गा पूजा के अवसर पर सात सालों बाद दोबारा मिलते हैं और यादों के भंवर में डूबते-उतराते हैं। जहां वो थिएटर रिहर्सल करते थे, उस जगह को अब एक हेरिटेज होटल में तब्दील किया जा रहा है। फिल्म को हकीकत के करीब रखने के लिए बंगाली, हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में संवाद रखे गये हैं। फिल्म में तुषार पांडेय, शायोनी गुप्ता, प्राबिता बोरठाकुर, सोहम मजूमदार और हुसैन दलाल मुख्य भूमिकाओं में हैं। निर्देशन सौम्यजीत मजूमदार ने किया है, जिनका यह डिजिटल डेब्यू है। सौम्यजीत निर्माता भी हैं। नेटफ्लिक्स पर द फेम गेम सीरीज रिलीज होगी। माधुरी दीक्षित इस सीरीज के साथ डिजिटल डेब्यू कर रही हैं। इस सीरीज का नाम पहले फाइंडिंग अनामिका था। सीरीज का निर्देशन बिजॉय नाम्बियार और करिश्मा कोहली ने किया है, जबकि नेटफ्लिक्स के लिए करण जौहर की कम्पनी धर्मेटिक एंटरटेनमेंट ने निर्माण किया है। माधुरी दीक्षित के साथ मानव कौल, संजय कपूर, लक्षवीर सरन और मुस्कान जाफरी मुख्य किरदारों में हैं। प्राइम वीडियो ने दिवंगत कनन्ड़ अभिनेता पुनीत राजकुमार के सम्मान में उनकी पांच फिल्मों को फ्री में दिखाने का एलान किया था। जिन लोगों का अमेजन पर एकाउंट है, वो फ्री-टू-स्ट्रीम योजना के तहत इन पांच फिल्मों को देखें। यह फिल्में हैं- लॉ, फ्रेंच बिरयानी, कवलुदारी, मायाबाजार और युवारतन। ये सभी फिल्में 2019 से 2021 के बीच रिलीज हुई थीं। युवारतन में पुनीत राजकुमार खुद लीड रोल में थे, जबकि बाकी फिल्मों में दूसरे कलाकारों ने मुख्य भूमिकाएं निभायी हैं।

## बधाई दो का रोमांटिक सॉन्ग 'अटक गया' हुआ रिलीज

**नई दिल्ली** । राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म बधाई दो रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसी बीच फिल्म का दूसरा सॉन्ग मन अटक गया है रिलीज हो चुका है, जिसमें राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की अलग केमिस्ट्री दिख रही हैं। इस खूबसूरत गाने को वरुण ग्रोवर ने लिखा, जिसे अमित त्रिवेदी ने कंपोज किया है और इस सॉन्ग को अरिजीत सिंह और रूपाली मोघे ने अपनी जादूई आवाज में गाया है। शादी के बाद अपने साथी के साथ बीताए रोमांटिक पलों को भी दिखाया गया है। वहीं, वेलेन्टाइन वीक से पहले रिलीज हुए इस रोमांटिक सॉन्ग को ज़ी म्यूजिक कंपनी के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।

## 'बच्चन' से 'बच्चन पांडेय' तक लॉक हुआ मार्च का फिल्मी कैलेंडर

**नई दिल्ली** । कोरोना वायरस पैनडेमिक और ओमिक्रॉन के मामलों में कमी आने के साथ अब फिल्म इंडस्ट्री ने एक बार फिर फिल्मों की रिलीज फिक्स करनी शुरू कर दी है। वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आखिरी महीना मार्च बॉक्स ऑफिस के लिहाज से काफी अहम रहने वाला है। इस महीने हर हफ्ते एक बड़ी और बहुप्रीतिक्षत फिल्म रिलीज होने जा रही है। नई तारीखें तय होने के बाद अब मार्च का रिलीज कैलेंडर कुछ इस तरह हो गया है- मार्च के पहले शुक्रवार को अमिताभ बच्चन स्टारर झुंड रिलीज होगी। यह फिल्म काफी वक्त से अटकी हुई थी और अंततः सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। स्पोर्ट्स फिल्म




झुंड का निर्देशन नागराज मंजुले ने किया है, जिनकी शॉर्ट फिल्म वैकुंठ अमेजन प्राइम वीडियो पर आयी एंथोलॉजी अनपॉज्ड- नया सफर में शामिल थी और इसे बेहद पसंद किया गया। सैराट जैसी कामयाब और चर्चित मराठी फिल्म निर्देशित करने वाले नागराज झुंड के साथ हिंदी फिल्मों में पारी शुरू कर रहे हैं। झुंड का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, राज हीरेमथ, सविता राज हीरेमथ, नागराज मंजुले, गार्गी कुलकर्णी और मीना अरोड़ा ने टी-सीरीज, तांडव फिल्म्स एंटरटेनमेंट और आटपट बैनरों के लिए किया है। अमिताभ बच्चन ने फिल्म का पोस्टर शेयर करके रिलीज की जानकारी दी- इस टोली से मुकाबला करने के लिए रहो तैयार। हमारी टीम आ रही है। झुंड 4 मार्च को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। अमिताभ बच्चन फिल्म में फुटबाल कोच के किरदार में नजर आएंगे। प्रभास की बहुप्रतीक्षित फिल्म राधे श्याम अब 11 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म पहले 14 जनवरी को सिनेमाघरों में उतरने वाली थी, मगर कोरोना के बढ़ते मामलों के बाद रिलीज स्थगित कर दी गयी थी। राधा कृष्ण कुमार निर्देशित राधे श्याम एक लव स्टोरी है।

## अहान शेट्टी की दूसरी फिल्म का एलान जल्द, बोले- 'अक्षय सर के साथ काम करने का सपना'

**नई दिल्ली** । सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी ने 3 दिसम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म तड़प से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में बतौर एक्टर अपनी पारी शुरू कर दी। मिलन लूथरिया निर्देशित इस फिल्म में अहान के काम को सराहा गया और समीक्षकों को उनमें संभावनाएं नजर आयीं। तड़प अब डिजनी हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम हो चुकी है। डेब्यू के लगभग दो महीने बाद अहान अब आगे की तैयारियों में जुटे हैं। बॉलीवुड एक्टर्स की सबसे युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करने वाले अहान अपने करियर और चुनौतियों




को लेकर स्पष्ट हैं। डॉट कॉम के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में तड़प को सिनेमाघरों में मिले रिस्पॉन्स पर अहान ने कहा- ''खुश हूं... जब फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी तो कोविड के चलते कई प्रतिबंध थे। 50 फीसदी कैपेसिटी के साथ चल रहे थे। कुछ स्टेट्स में थिएटर्स खुले भी नहीं थे। अगर सब नॉर्मल होता तो निश्चित पर ज्यादा मजा आता, लेकिन मैं शुक्रगुजार हूं कि हम रिलीज कर पाये और अब ओटीटी पर आ गयी है।'' तड़प तेलुगु फिल्म आरएक्स 100 का रीमेक है। साउथ सिनेमा में विषयों के चयन पर अहान ने कहा- ''साउथ में बहुत एक्सपेरिमेंट होता है। वहां जब एक फिल्म हिट हो जाती है तो हम यहां उसका रीमेक करते हैं। वो ज्यादा रिस्क लेते हैं। मगर, अब ऐसा लगता है कि हम सब एक हो चुके हैं। कनन्ड़, मलयालम, तमिल, तेलुगु सब कंटेंट पूरे देश में आ रहा है। पुष्पा के बाद अब आरआरआर आ रही है। सब पैन इंडिया फिल्में हैं। यह स्थिति साउथ और हिंदी फिल्म इंडस्ट्रीज के लिए फायदेमंद है। मुझे लगता है कि आने वाले दो सालों में सब एक ही हो जाएगा।'' पैन इंडिया कंटेंट बढ़ने से प्रतिस्पर्द्धा होने से एक्टर्स के लिए चुनौतियां भी बढ़ेंगी इस पर अहान ने कहा- ''डेफिनिटली सर, लेकिन कॉम्पटीशन नहीं कह सकता। इतने सारे एक्टर्स अभी आ रहे हैं। ऑडिएंस तक हर तरह का सिनेमा पहुंच रहा है। हम ऑडिएंस को बेवकूफ नहीं बना सकते। ऑडिएंस को अच्छा सिनेमा देखना है, उसके लिए हमें काफी मेहनत करनी होगी।'' फिल्मों को लेकर अपनी पसंद और नापसंद को लेकर अहान को कोई असमंजस नहीं है- ''मैं चाहता हूं कि हर किस्म का रोल कर पाऊं। किरदारों में भिनन्ता हो। एक किसी जॉनर पर अटका नहीं रहना चाहता। ऐसा नहीं है कि बस एक्शन करना है। कॉमेडी, ड्रामा, रोमांस, सब करना है। बस एक जॉनर मुझे ज्यादा पसंद नहीं है, वो है हॉरर। मैं रात को सो नहीं पाता। इसलिए हॉरर फिल्में नहीं देखता। हॉरर फिल्में देखता नहीं हूं तो वो अंडरस्टैंडिंग भी नहीं है। फिलहाल हॉरर नहीं करना है, लेकिन आगे चलकर शायद इरादा बदले।'' ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की अहमियत से अच्छी तरह वाकिफ अहान को इस माध्यम से कोई गुरेज नहीं- ''ऐसा नहीं है कि मैं सिर्फ थिएट्रिकल फिल्में ही करूंगा। ओटीटी बहुत अहम प्लेटफॉर्म है और मैं ओटीटी फिल्में या सीरीज करने के लिए तैयार हूं।'' अहान इंडस्ट्री में टिके रहने के लिए टैलेंट के साथ कड़ी मेहनत और ईमानदारी को जरूरी मानते हैं। उन्होंने कहा- ''मेरे पापा हमेशा कहते हैं कि आप जो ऑन स्क्रीन करते हो, वो बहुत अहम है, लेकिन जो काम आप ऑफ स्क्रीन कम्यूनिटी या सोसाइटी के लिए करते हो, वो और भी अहम है। समाज से जो कमाया, वो लोगों को वापस देना है, उनकी मदद करना जरूरी है।''

## शमिता शेट्टी को पहले से पता था बिग बॉस १५ का रिजल्ट शो से निकलने के बाद एक्ट्रेस ने कहा- 'मुझे पता था कि मैं नहीं जीतने वाली'


**नई दिल्ली** । बॉलीवुड अभिनेत्री शमिता शेट्टी बिग बॉस 15 की टॉप 5 फाइनलिस्ट में से एक थीं। हालांकि वह शो को जीतने में



कामयाब नहीं हो सकीं। कम वोट के कारण वह चौथे नंबर पर रहीं और सलमान खान के शो से बाहर हो गईं। बिग बॉस 15 से निकलने के बाद शमिता शेट्टी ने अब शो को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा है कि उन्हें पहले से ही पता था कि वह नहीं जीतेंगी। शमिता शेट्टी से पूछा गया कि क्या तेजस्वी प्रकाश पक्षपाती विजेता हैं। इस पर उन्होंने कहा, 'मैं क्या कह सकती हूं? देखिए, कलर्स के साथ मेरा बहुत अच्छा रिश्ता है, मैंने उनके साथ कुछ सबसे बड़े रियलिटी शो किए हैं। जब मुझे यह ऑफर भी दिया गया, तो मैंने उनसे सीधे-सीधे कहा, 'इसे करने का क्या मतलब है? मुझे पता है कि मैं जीतने वाला नहीं हूं। मैं पहले से ही इस सोच के साथ किसी भी रियलिटी शो में जाती हूं। यह जानते हुए कि दर्शक मुझे आखिरी के पांच या तीन में ले जा सकते हैं, लेकिन मैं कभी नहीं जीत सकती।'शमिता शेट्टी ने आगे कहा, 'मैं सच में नहीं जानती कि यह कैसे काम करते हैं। आखिरी में मेरे लिए टिप्पणी करना गलत है क्योंकि मुझे सच्चाई का पता नहीं है। मैं इतना ही कह सकता हूं कि प्रतीक के नहीं जीतने पर मैं बहुत निराश हुई थी।' गौरतलब है कि शमिता शेट्टी टीवी के कई शो का हिस्सा बन चुकी हैं, लेकिन वह कभी विजेता नहीं बन पाई। शमिता पहले बिग बॉस 3 में दिखाई दी थीं, लेकिन राज कुंद्रा और बहन शिल्पा शेट्टी की शादी में शामिल होने के लिए उन्होंने बीच में ही शो को छोड़ दिया था। बिग बॉस 3 के बाद शमिता शेट्टी ने कलर्स पर प्रसारित होने वाले दो अन्य रियलिटी शो 'झलक दिखला जा 8' और 'खतरों के खिलाड़ी 9' में भी हिस्सा लिया था, लेकिन वह फिर से शो नहीं जीत सकीं। बिग बॉस 15 से पहले शमिता शेट्टी बिग बॉस ओटीटी में भी नजर आई थीं। इस शो में भी उन्होंने अपने खेल और रणनीति से काफी सुखिर्या तो बटोरीं, लेकिन एक बार फिर से वह शो नहीं जीत सकीं।

## Gehraiyaan की रिलीज से पहले दीपिका पादुकोण ने शेयर की ऐसी तस्वीरें

**नई दिल्ली** । दीपिका पादुकोण की फिल्म 'गहराइयां' ओटीटी पर तलका मचाने के लिए एकदम तैयार है। फिल्म ट्रेलर देखकर ही अंदाजा हो गया कि इसमें दीपिका ने धौर्य और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ काफी बोल्ड सीन दिए हैं। इतने सारे इंटिमेट सीन्स को लेकर सोशल मीडिया पर दीपिका के काफी चर्चे हैं। हाल



ही में दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की है। डार्क ब्लू कलर की बॉयफ्रेंड जींस के साथ एक्ट्रेस ने वाइन कलर का बॉडी सूट पहना हुआ है, जो कि बैकलेस है। खुले बार और इयर रिंग के साथ दीपिका ने अपने लुक को कम्प्लीट किया है। तस्वीरों के साथ दीपिका ने कैप्शन में लिखा, 'ज्यादा कुछ नहीं, बस कुछ बेहतरीन जीन... सॉरी जींस! यहां देखें तस्वीरें... दीपिका पादुकोण की इन तस्वीरों पर सबसे पहले हस्बैंड रणवीर सिंह ने कमेंट किया। उन्हें लिखा, ' 'लास्ट पिक'। तो वहीं सोशल मीडिया पर लोग दापिका को उनके इसी लुक के लिए ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, ' रणवीर सिंह इफेक्ट'। तो वहीं कुछ लोगों ने दीपिका को अच्छे से खाने की सलाह दी, उनका मानना है कि दीपिका दिन-ब-दिन कमजोर होती जा रहीं हैं। एक यूजर ने अपने कमेंट से सबका ध्यान खींच उसने लिखा- ये रणबीर सिंह की जींस मांग कर लाई हो क्या गहराइयां में दीपिका के इंटिमेट सीन काफी तरीके से शूट किए गए हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि, 'शकुन बत्रा एक मंझे हुए निर्देशक हैं और वो अपनी इस फिल्म में इन इंटीमेट सीन्स को लेकर काफी सचेत थे। वो चाहते थे कि ये सीन्स नेचुरल दिखें इसलिए उन्होंने इंटीमेसी डायरेक्टर को अप्रोच किया था जिन्होंने इन सीन्स को रियल बानने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज हर तफर इन्हीं सीन्स को लेकर चर्चा हो रही हैं।' बता दें कि फिल्म में दीपिका पादुकोण के अलावा धौर्य, अनन्या पांडे और सिद्धांत चतुर्वेदी ने काम किया है। गहराइयां 11 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है।

## शमिता शेट्टी ने राज कुंद्रा के एडल्ट फिल्म मामले पर पहली बार तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली** । शमिता शेट्टी हाल ही में बिग बॉस 15 के घर से बाहर आने के बाद से चर्चा का विषय बन गई हैं। फिलहाल शमिता अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रहीं हैं। बिग बॉस कंटेस्टेंट्स, अपने परिवार और बॉयफ्रेंड के साथ धूमधाम से अपने बर्थडे मनाने के बाद शमिता ने अपनी जिंदगी से जुड़े कुछ राज खोले हैं। के लिए कितना बुरा लगा। गौरतलब है कि शमिता उस समय घर के अंदर थी जब उनके जीजा राज कुंद्रा को एडल्ट फिल्म विवाद मामले में गिरफ्तार किया गया था। पिंकविला से बातचीत के दौरान शमिता शेट्टी ने कहा, 'मुझे बहुत दुख होता है कि मैं शिल्पा के साथ इस मुश्किल वक्त का हिस्सा नहीं बन पाई। मुझे उसके साथ रहना मुझे गर्व है उसपर। शमिता ने इंटरव्यू में ये भी बताया कि उस वक्त बिग बॉस ओटीटी में जाने पर लोगों ने उन्हें जमकर ट्रोल भी किया था। उन्होंने कहा, 'इस घटना से मेरा कोई लेना-देना नहीं था, फिर भी मुझे ट्रोल किया गया। इसलिए मैंने सोचा कि मैं भी अंदर जा सकती हूं। साथ ही ऐसे समय में जब आप



उन्होंने बताया कि एडल्ट फिल्म मामले में राज कुंद्रा के जेल जाने के बाद अपनी बहन को अकेला छोड़, वो क्यों बिग बॉस ओटीटी में चली गई थीं। शमिता शेट्टी ने हाल ही में इस बारे में बात की कि, उन्हें अपने कठिन समय के दौरान बहन शिल्पा शेट्टी को अकेला छोड़ने चाहिए था, क्योंकि मुझे याद है कि जब मैं ओटीटी शो में थी तो मैं शिल्पा को लेकर काफी परेशान थी, और नहीं जानती थी कि बाहर क्या हो रहा है। हम दोनों बहनें बहुत क्लोज हैं, शिल्पा ने जिस तरीके से इस पूरे घटनाक्रम को संभाला है, जानते हैं कि लोग कोविड के कारण बिना काम के घर बैठे हैं, मैं उस काम का अनादर नहीं करना चाहती थी जो खुद मेरे पास आया हो, साथ ही मुझे पैसे भी कमाने थे। इसलिए मैंने घर के अंदर जाने का फैसला किया था।

## दिग्गज कलाकार रमेश देव का 93 वर्ष की आयु में हुआ निधन

**नई दिल्ली** । मराठी और हिंदी फिल्मों में अहम भूमिका निभा चुके कलाकार रमेश देव का निधन हो गया हैत् वह 93 वर्ष के थेत् उन्होंने कई फिल्मों में अहम भूमिका निभाई थीत् उन्होंने मराठी फिल्मों का निर्माण भी किया हैत रमेश देव ने 4 दिन पहले ही अपना 93 का जन्मदिन मनाया थात् मराठी और बॉलीवुड फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता रमेश



देव का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया हैत् रमेश देव ने मुंबई के कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस लीत् रमेश देव की फिल्में काफी पसंद की गई हैंत् उन्होंने कई फिल्मों में अहम भूमिका निभाई हैत् उनकी पतनी सीमा देवी एक्ट्रेस रही हैंत् उन्होंने उनके साथ कई फिल्मों में काम किया हैत रमेश देव ने 285 से अधिक हिंदी फिल्मों में काम किया थात् इसके अलावा उन्होंने 190 से अधिक मराठी फिल्मों में काम किया हैत् उन्हें दो बेटे भी हैं अजिंक्य देव और अभिनव देवत् दोनों भी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हुए हैंत् रमेश देव का डेब्यू 1951 में आई मराठी फिल्म पाटलाची पोर के साथ हुआ थात् उनकी पहली हिंदी फिल्म आरती थीत् यह फिल्म 1962 में आई थीत्र बच्चन के साथ फिल्म आनंद में भी काम किया थात् इसके अलावा उन्होंने राजेश खनन के साथ आप की कसम में काम किया थात् उन्होंने शत्रुघन सिन्हा के साथ मेरे अपने में काम किया थात् 2013 में उन्हें 11 में पुणे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल से लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड भी दिया गया था। रमेश देव काफी लोकप्रिय कलाकार थेत् उन्होंने कई फिल्मों में काम किया हैत् उनकी फिल्में काफी पसंद की गई हैंत् वह बीमार होने से पहले तक कई फिल्म पुरस्कारों और प्रीमियर में भी नजर उनका नाम और काम काफी बड़ा थात् उनके जाने से फिल्म हिंदी इंडस्ट्री को अपूरणीय क्षति हुई है और एक शोक की लहर है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।